नई दिल्ली, सोमवार
19 मई 2025

# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 80 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

## भारत के 51 राजनेता और दुनिया की 33 राजधानियां
# खुलेगी पाकिस्तान की पोल



नई दिल्ली ।'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अब दुनिया में पाकिस्तान को बेनकाब करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए सरकार दुनिया के अलग अलग देशों में अपना प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे और पाकिस्तान का पदार्फाश करेंगे। हर प्रतिनिधिमंडल चार से पांच देशों का दौरा करेगा।

### दूल्हे की बारात जैसी है सांसदों को विदेश भेजने की कवायद, संजय राउत ने सरकार की कूटनीतिक पहल पर उठाए सवाल



राउत ने कहा, 'इस बारात को भेजने की कोई आवश्यकता नहीं थी। प्रधानमंत्री कमजोर हैं। इसे जल्दबाजी में करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। उपमुख्यमंत्री का बेटा विदेश में क्या प्रतिनिधित्व करेगा?' उन्होंने सवाल पूछा, 'भाजपा ने इसका राजनीतिकरण कर दिया है, उन्हें हर चीज में राजनीति करने की आदत है। भारत ब्लॉक को इस बारात का बहिष्कार करना चाहिए।'

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को दुनिया भर तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपनी कमर कस ली है। आतंकवाद से निपटने के भारत के संकल्प को लोगों तक पहुंचाने और पाकिस्तान के नापाक चेहरे को उजागर करने के लिए भारत दुनियाभर में सात प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। इन प्रतिनिधिमंडलों में 51 राजनीतिक नेता, सांसद और पूर्व मंत्री शामिल होंगे।

शेष पेज 2 पर

## जुलाई में 35 करोड़ पौधों की होगी रोपाई
## नर्सरी में तैयार होंगे 50 करोड़ पौधे



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 20 प्रतिशत तक ले जाना है। हमारा लक्ष्य तभी पूरा होगा जब पौधरोपण जनांदोलन का स्वरूप ले। सीएम ने निर्देश दिए कि आगामी 1 से 7 जुलाई के बीच पौधरोपण अभियान पूरी तैयारी के साथ संचालित किया जाए। 2025 में कुल 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय मंत्रियों को न्यूनतम 50 करोड़ पौधों की नर्सरी तैयार रखने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि पौधरोपण अभियान में फलदार, छायादार, औषधीय और इमारती पौधों का संतुलित समावेश हो। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के सभी लाभार्थियों और जीरो पॉवर्टी की श्रेणी में चिह्नित प्रत्येक परिवार को सहजन का पौधा दिया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नदी पुनरुद्धार अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत राज्य की प्रमुख नदियों के दोनों किनारों पर पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही सभी निमार्णाधीन, प्रस्तावित और चालू एक्सप्रेसवे के दोनों ओर की खाली भूमि पर पौधरोपण कराया जाएगा। उन्होंने नेपाल से आने वाली नदियों में अत्यधिक सिल्ट की समस्या को गंभीर बताते हुए उनके चैनलाइजेशन की संभावनाओं पर विचार करने को कहा।

**हर गांव में एक ग्राम वन की स्थापना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में जैव विविधता रजिस्टर तैयार कराया जाए। ग्रीन चौपाल का आयोजन करके पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को अपनाने, कृषि वानिकी व टिकाऊ कृषि मॉडल को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक पर्यावरणीय ज्ञान को पुनर्स्थापित करने के प्रयास हों।

शेष पेज 2 पर

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को दी बड़ी जिम्मेदारी, बनाया मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर



लखनऊ । मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्हें मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। साथ ही एक महत्वपूर्ण सलाह भी दी है। बहुजन समाज पार्टी की ओर से रविवार को नेशनल बैठक आयोजित की गई। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में पार्टी सुप्रीमो मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया। उन्हें आगे के कई कार्यक्रमों की जिम्मेदारी भी दी। साथ ही सावधानी बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने की सलाह दी।

बैठक में देश में बसपा के संगठन की मजबूती व सर्वसमाज के बीच जनाधार बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। पार्टी के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई के लिए सभी ने भारतीय सेना की सराहना की। शेष पेज 2 पर

## पाक गोलाबारी की आड़ में घुसपैठ की कोशिश

पुंछ। पुंछ जिले के सावजियां सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया।पुंछ जिले की मंडी तहसील में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा से सटे सावजियां सेक्टर के छंबर किनारी क्षेत्र में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह कार्रवाई उस समय शुरू की गई जब क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने की सूचना मिली।सूत्रों के अनुसार, पुंछ पुलिस, विशेष अभियान समूह, सेना और सीआरपीएफ ने सुबह नियंत्रण रेखा के पास संदिग्धों की हलचल देखने के बाद पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया।


शेष पेज 2 पर

## कई देशों में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच एक नई वैक्सीन को मंजूरी

### ये वैरिएंट बढ़ा रहा है चिंता

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व एशिया के कई हिस्सों में कोविड-19 की नई लहर को देखते हुए लोगों के मन में कई तरह का डर देखा जा रहा है। क्या ये वायरस एक बार फिर से तबाही मचाने जा रहा है? इस बीच एफडीए ने एक और नए वैक्सीन को मंजूरी दे दी है।

दुनिया के कई हिस्सों विशेषकर एशियाई देशों (जैसे हांगकांग और सिंगापुर) में एक बार फिर से बढ़ते कोरोना के मामलों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता बढ़ा दी है। हालिया रिपोट्र्स से पता चलता है कि पिछले कुछ हफ्तों से यहां कोरोना के मामलों में तेज से वृद्धि हुई है। न सिर्फ कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं साथ ही कई स्थानों पर अस्पतालों में भर्ती रोगियों



की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

फिलहाल इन बढ़ते मामलों के लिए किसी नए वैरिएंट को जिम्मेदार नहीं बताया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि समय के साथ लोगों में वैक्सीन से बनी प्रतिरक्षा में कमी आ रही है जिसके कारण वायरस का एक बार फिर से प्रभाव देखा जा रहा है।

एहतियाती तौर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने प्रभावित हिस्सों में उच्च जोखिम वाले लोगों को कोरोना की बूस्टर वैक्सीन लेने की सलाह दी है, जिससे शरीर में अतिरिक्त सुरक्षा विकसित की जा सके। इससे पहले कई स्वास्थ्य संगठन भी 65 से अधिक उम्र के लोगों को फ्लू की ही तरह से सालाना कोविड वैक्सीन लेने की सलाह देते रहे हैं।

दक्षिण-पूर्व एशिया के कई हिस्सों में कोविड-19 की नई लहर को देखते हुए लोगों के मन में कई तरह का डर देखा जा रहा है। क्या ये वायरस एक बार फिर से तबाही मचाने जा रहा है? क्या हम सभी को फिर से कोविड-19 से बचाव के लिए पहले की ही तरह से उपाय करने शुरू कर देने चाहिए?

शेष पेज 2 पर

## यूपी में 18 पीसीएस अफसरों के तबादले, इन अधिकारियों की तैनाती में हुआ फेरबदल

लखनऊ। यूपी में 18 पीसीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इन अफसरों की तैनाती में फेरबदल किया गया है।

यूपी में रविवार को 18 पीसीएफ अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद गंभीर सिंह को अपर जिलाधिकारी आजमगढ़ नियुक्त किया गया है। प्रयागराज नगर निगम में अपर नगर आयुक्त रहे अम्बरीश कुमार बिंद को बरेली का नगर मजिस्ट्रेड नियुक्त किया गया है। इसी तरह लखनऊ में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) के पद पर तैनात रहे हनुमान प्रसाद को अपर जिलाधिकारी रामपुर नियुक्त किया गया है।

राजीव कुमार राय व शुभी काकन को मंडी परिषद लखनऊ का उप निदेशक नियुक्त किया गया है। राजीव कुमार शुक्ला को प्रयागराज नगर निगम के अपर नगर




आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं, सुभाष सिंह को वाराणसी नगर निगम के अपर नगर आयुक्त के पद पर तैनात किया गया है।

राजेश कुमार गुप्ता को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) लखनऊ बनाया गया है। इसी तरह हेम सिंह को अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव के पद पर नियुक्ति दी गई है। वंदिता श्रीवास्तव को बरेली विकास प्राधिकरण के सचिव के पद पर तैनात किया गया है। सत्येंद्र सिंह को शामली के अपर जिलाधिकारी, विनय कुमार सिंह को अपर जिलाधिकारी गाजियाबाद के पद पर नियुक्त किया गया है।

शेष पेज 2 पर

### राणा सांगा, आंबेडकर के बाद अब व्योमिका के मसले पर टकराव

## चुनावी आहट के बीच सपा भाजपा के बीच कड़वाहट

लखनऊ । चुनावी आहट ने पक्ष और विपक्ष के राजनेताओं के बीच कड़वाहट बढ़ा दी है। एक छोटा मुद्दा देखते ही देखते बड़े सियासी उबाल का कारण बन जा रहा है।

चुनावी आहट ने पक्ष और विपक्ष के राजनेताओं के बीच कड़वाहट बढ़ा दी है। वे एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं। राणा सांगा, भीमराव आंबेडकर और व्योमिका सिंह पर सियासत अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि डीएनए का नया विवाद सामने आ गया। विशेषज्ञ इसकी जड़ में अगले दो वर्षों में होने वाले



पंचायत और विधानसभा चुनावों को मान रहे हैं। उनके मुताबिक आने वाले समय में इन हमलों का तीखापन और बढ़ेगा।

राज्यसभा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन का राणा सांगा पर दिया बयान खासा विवाद का विषय बना। यूपी की राजनीति इस मुद्दे पर खूब गर्माई। फिर, डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे के कोलाज ने राजनीतिक हवा का ताप बढ़ा दिया। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर सपा नेता रामगोपाल यादव की जातिसूचक टिप्पणी पर सियासी तूफान आ गया। यह मुद्दा थमा भी नहीं था, कि ब्रजेश पाठक के डीएनए पर सपा का आपत्तिजनक बयान पुलिस थाने में दर्ज हो गया।

शेष पेज 2 पर

### ज्योति मल्होत्रा ▪ पहलगाम हमले से पहले गई थी पाकिस्तान

## जासूस ज्योति उगलने लगी राज, 'जट रंधावा' कनेक्शन ने सबको चौंकाया

हिसार । एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तान उसे एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था। इसके अलावा ज्योति प्रायोजित यात्राओं पर पाकिस्तान जाती थी।

जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की ज्योति मल्होत्रा को लेकर अब तरह तरह के खुलासे हो रहे हैं। कोर्ट ने शनिवार को ही उसे पांच दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा और माना जा रहा था कि पूछताछ में कई तरह के खुलासे होंगे। इस कड़ी में अब एक नई बात सामने आ रही है। एसपी हिसार शशांक कुमार सावन ने बताया कि पाकिस्तान उसे एक एसेट की तरह विकसित कर रहा था। इसके अलावा ज्योति प्रायोजित यात्राओं पर पाकिस्तान जाती थी। वह पहलगाम





हमले से पहले पाकिस्तान में थी। पूछताछ में पता चला है कि उसके साथ कुछ और लोग भी शामिल थे, जिसके बारे में पता किया जा रहा है।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद संदिग्धों की सूची में थी ज्योति**

तीन बार पाकिस्तान जा चुकी ज्योति को पहलगाम आतंकी घटना और ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी आईबी ने संदिग्धों की सूची में शामिल किया था। देश की खुफिया सूचनाएं साझा करने का इनपुट मिलने के बाद से ज्योति के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट ट्रैस किए जा रहे थे।

**दानिश के कहने पर पाकिस्तान में मिली सुविधा-** हिसार के डीएसपी कमलजीत ने बताया कि न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी ज्योति ट्रैवल विद जो नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाती है। जांच में पता चला है कि वह 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन गई थी। वहां उसकी मुलाकात एहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई। इसके बाद उसने दानिश से फोन पर संपर्क शुरू कर दिया और तीन बार पाकिस्तान की यात्रा की। पाकिस्तान में दानिश के कहने पर उसके जानकार अली अहवान से मिली। अली अहवान ने ज्योति के ठहरने व घूमने का प्रबंध करने के साथ उसकी मुलाकात पाकिस्तानी इंटेलीजेंस के अधिकारियों से कराई।

शेष पेज 2 पर

# असम के गोरेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के युवा नेता मृदुल प्रीतम डेका की उदारता युवा नेता मृदुल प्रीतम तूफान से प्रभावित लोगों की मदद करने आए आगे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,** असमः असम से भाजपा के युवा नेता तथा गोरेश्वर से स्थानीय युवा मृदुल प्रीतम डेका ने कल शनिवार को नवगठित गोरेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न स्थानों का दौरा किया। असम भाजपा की युवा नेता मृदुल प्रीतम डेका ने बीते शनिवार को गोरेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में तूफान से प्रभावित कई लोगों के घरों में पहुंचकर उनका जायजा लिया और तूफान से तबाह हुए कई लोगों को आर्थिक सहायता दी। पता चला है कि युवा नेता मृदुल प्रीतम ने तुफान के बाद से अब तक पहले चरण में 20 परिवारों को चेक वितरित किए हैं। गोरेश्वर के लोगों की खुशियों और गमों को हमेशा बांटने के संकल्प के साथ युवा भाजपा नेता असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के आदर्शों को अपने सिर पर लेकर लोगों की मदद करने के लिए आगे



आए हैं।

कल अपने दौरे के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले शनिवार को आए तूफान के कारण गोरेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में कई परिवार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। चूंकि निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बहुत प्यार दिया है और उन्हें अपने बेटे के रूप में गले लगाकर उनका समर्थन कर रहे हैं, इसलिए वह प्रभावित लोगों की हर तरह से मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। युवा नेता मृदुल प्रीतम ने कहा कि इस मदद के अलावा, वह हमेशा अपने लोगों की तरह क्षेत्र के लोगों के सुख दुख में साथ रहेंगे, युवा नेता मृदुल प्रीतम ने और कहा कि आने वाले दिनों में वह मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के आदर्शों के साथ समाज के लिए ऐसे ही काम करते रहेंगे और आने वाले समय में मुख्यमंत्री के असम को देश के पांच राज्यों में लाने के सपने को पूरा करने की जी-जान से कोशिश करेंगे ।

## दिल्ली में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

नई दिल्ली । दिल्ली में भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भाजपा नेताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के साहसिक अभियान को राष्ट्र सम्मान का प्रतीक बताया। सांसद और प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का संकल्प है। प्रदेश भाजपा ने रविवार को उत्तर पश्चिम, नजफगढ़ और नई दिल्ली जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भाजपा नेताओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के साहसिक अभियान को राष्ट्र सम्मान का प्रतीक बताया। हजारों कार्यकताओं के साथ इन यात्राओं में ओलंपियन विजेंद्र सिंह, विधायक संदीप सहरावत व प्रद्युमन राजपूत और जिला अध्यक्ष रमेश शोखंदा सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। नई दिल्ली और करोलबाग विधानसभा में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए सांसद और प्रदेश मंत्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और राष्ट्र सम्मान की पुनर्स्थापना का संकल्प है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान असम के गुवाहाटी में 55,000 पीएमएवाई-जी घरों के गृह प्रवेश के वर्चुअल समारोह में हुए शामिल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असमः केन्द्रीय कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को असम के गुवाहाटी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 55,000 आवासों के वर्चुअल होम एंट्री समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने चालू वित्त वर्ष के लिए पीएमएवाई-जी के तहत असम के लिए 3.76 लाख और घरों को मंजूरी देने की भी घोषणा की। बैठक में बोलते हुए, केन्द्रीय मंत्री चौहान ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और समाज में सीमांत समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 20 लाख घरों को पूरा करके असम को एक उल्लेखनीय उपलब्धि कराने के लिए राज्य सरकार की सराहना की। मंत्री ने कार्यक्रम के हिस्से के रूप में घरों के निर्माण को



सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद नए घर में प्रवेश करने वाले पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को भी सम्मानित किया। गांव में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम के रूप में केंद्रीय मंत्री चौहान ने पीएमएवाई-जी के तहत महिला राजमिस्त्री के लिए लखीमी मिस्त्री योजना भी शुरू की। इस अवसर पर लखीमी मिस्त्री पहल के तहत प्रशिक्षित पांच महिलाओं को सुरक्षा किट वितरित किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि के तहत असम में 21 नॉलेज सेंटर का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। इन ज्ञान केन्द्रों की स्थापना ग्रामीण कृषि अवसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समय पर संसाधनों और सूचना सुविधाओं के साथ किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने असम सरकार के प्रयासों की सराहना की और ग्रामीण आवास और विकास पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कृषि और ग्रामीण आजीविका के सतत संवर्धन के माध्यम से किसानों, महिलाओं और गांव के लोगों को सशक्त बनाने के लिए असम सरकार की जिम्मेदारी को दोहराया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उनके प्रयास केवल घरों के निर्माण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि राज्य सरकार ने अपनी ओर से यह सुनिश्चित किया है कि सभी घरों में बिजली कनेक्शन, टेप पेयजल, शौचालय और सीवरेज सुविधाएं हों और विभिन्न स्थानों तक पहुंचने के लिए उपयुक्त सड़कें भी उपलब्ध कराई जाएं, उनके लिए मुफ्त खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जाए। कल इस कार्यक्रम में असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री रंजीत कुमार दास, गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद बिजली कलिता मेधी के अलावा राज्य सरकार के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष...

## भारत के 51 राजनेता और दुनिया की 33 राजधानियां, खुलेगी पाकिस्तान की पोल

**32 देशों और बेल्जियम के ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के मुख्यालय का दौरा करेंगे**

बैजयंत पांडा (भाजपा), रविशंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), श्रीकांत शिंदे (शिवसेना), शशि थरूर (कांग्रेस), कनिमोझी (डीएमके) और सुप्रिया सुले (एनसीपी-एसपी) के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल कुल 32 देशों और बेल्जियम के ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के मुख्यालय का दौरा करेंगे।

मदद के लिए एक पूर्व राजनयिक भी साथ होंगे

प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में छह से आठ राजनेता शामिल हैं। उनकी मदद के लिए एक पूर्व राजनयिक भी साथ होंगे।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद, एम जे अकबर, आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन, सलमान खुर्शीद और एसएस अहलूवालिया शामिल भी हैं, जो वर्तमान में संसद के सदस्य नहीं हैं।

51 राजनेताओं में से 31 सत्तारूढ़ एनडीए का हिस्सा हैं, जबकि शेष 20 गैर-एनडीए दलों से हैं। सभी सात प्रतिनिधिमंडलों में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि है, जो या तो राजनेता या राजनयिक हैं।

**'एक मिशन। एक संदेश। एक भारत।'**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'एक मिशन। एक संदेश। एक भारत। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रमुख देशों से मिलेंगे, जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे सामूहिक संकल्प को दशार्ता है।'

## दूल्हे की बारात जैसी है सांसदों को विदेश भेजने की कवायद, संजय राउत ने सरकार की कूटनीतिक पहल पर उठाए सवाल

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के साथ सैन्य वृद्धि के मुद्दे पर सरकार के सांसदों को विदेश भेजने के फैसले पर सवाल उठाया है। उन्होंने इस कदम की तुलना दूल्हे की बारात से करते हुए कहा कि यह अनावश्यक है। सरकार ने हाल ही में विभिन्न दलों के सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडलों को कई देशों में भेजने का फैसला किया है, ताकि भारत की स्थिति को समझाया जा सके और पाकिस्तान पर आतंकवाद को पनाह देने का आरोप लगाते हुए उस पर दबाव बनाया जा सके।

राउत ने कहा, 'इस बारात को भेजने की कोई आवश्यकता नहीं थी। प्रधानमंत्री कमजोर हैं। इसे जल्दबाजी में करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। उपमुख्यमंत्री का बेटा विदेश में क्या प्रतिनिधित्व करेगा?' उन्होंने सवाल पूछा, 'भाजपा ने इसका राजनीतिकरण कर दिया है, उन्हें हर चीज में राजनीति करने की आदत है। भारत ब्लॉक को इस बारात का बहिष्कार करना चाहिए।'

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के रुख को दुनिया के सामने रखने के लिए सरकार ने सात प्रतिनिधिमंडल बनाए हैं। इनमें 51 राजनीतिक नेता, सांसद और पूर्व मंत्री शामिल हैं, जिनमें कांग्रेस के शशि थरूर, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, एनसीपी (एसपी) नेता सुप्रिया सुले और डीएमके की कनिमोझी जैसे प्रमुख नाम हैं।

इन प्रतिनिधिमंडलों में सत्तारूढ़ एनडीए के 31 और गैर-एनडीए दलों के 20 सदस्य हैं। हर प्रतिनिधिमंडल में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि शामिल है। ये प्रतिनिधिमंडल यूके, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ, इटली और डेनमार्क जैसे देशों का दौरा करेंगे और आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की स्थिति को प्रस्तुत करेंगे।

## जुलाई में 35 करोड़ पौधों की होगी रोपाई नर्सरी में तैयार होंगे 50 करोड़ पौधे

प्रत्येक गांव में कम से कम एक ग्राम-वन की स्थापना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। निर्देश दिया कि बहराइच, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत और बिजनौर जैसे जिलों में सोलर फेंसिंग की प्रभावी व्यवस्था की जाए। सीएम ने कहा कि वन सेवा के सभी संवर्गों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। यदि कहीं नीतिगत अड़चन हो, तो तत्काल मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाए।

कुकरैल नाइट सफारी के लिए ठेकेदार का चयन अगले सप्ताह- मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में निमार्णाधीन कुकरैल नाइट सफारी के लिए ठेकेदार चयन की प्रक्रिया अगले एक सप्ताह में पूरी कर ली जाए। उन्होंने वानिकी एवं उद्यानिकी विश्वविद्यालय की अवधारणा की सराहना करते हुए कहा कि इसका भवन इसकी मूल थीम के अनुरूप हो और यह संस्थान विभागीय प्रशिक्षण, शोध व नवाचार का केंद्र बने।

## मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को दी बड़ी जिम्मेदारी, बनाया मुख्य नेशनल कोऑर्डिनेटर

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में आतंकी निरोधक उपाय जरूरी हैं। ताकि किसी का सुहाग उजड़ने से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री द्वारा पाकिस्तान की परमाणु धमकी नहीं सहने की चेतावनी देना एक सही कदम है। यह भी जरूरी है कि कश्मीर पर अमेरिका या तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं किया जाए। अपने आप पर भरोसा होना बेहतर होता है। सरकार इसका भी ध्यान रखे कि गौतम बुद्ध व बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनादर करके समाज में द्वेष न फैलाया जाए। इस पर राज्य सरकारें पूरी तरह रोक लगाएं। मायावती ने बहुजन वालंटियर फोर्स (बीवीएफ) को पहले की तरह संगठित करने पर बल दिया। ताकि देशभर में पार्टी के कार्यक्रम किए जा सकें।

बैठक में बसपा सुप्रीमो मायावती ने सर्वसम्मति से भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी। उन्हें पार्टी के आगे के कार्यक्रमों की भी जिम्मेदारी दी। साथ ही यह भी कहा कि इस बार पार्टी व मूवमेंट के हित में हर प्रकार की सावधानी बरतते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में वह अपना सराहनीय योगदान देंगे। श

## यूपी में 18 पीसीएस अफसरों के तबादले, इन अधिकारियों की तैनाती में हुआ फेरबदल

इसी तरह योगेंद्र कुमार को लखनऊ मंडी परिषद का उप निदेशक, पंकज कुमार श्रीवास्तव को बागपत का अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बनाया गया है। राजित राम गुप्ता को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति) बलिया नियुक्त किया गया है। नम्रता सिंह को लखनऊ नगर निगम के अपर नगर आयुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। स्वप्निल कुमार यादव को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति) चित्रकूट बनाया गया है। रोशनी यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) लखनऊ के पद पर तैनाती दी गई है।

## जासूस ज्योति उगलने लगी राज, 'जट रंधावा' कनेक्शन ने सबको चौंकाया

ज्योति ने पुलिस को बताया कि दानिश के कहने पर वह पाकिस्तानी इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के शाकिर उर्फ राणा शाहबाज से मिली और उसका मोबाइल नंबर भी लिया।

जट रंधावा के नाम से सेव किया शाकिर का नंबर-डीएसपी ने बताया कि किसी को पता नहीं चले इसलिए ज्योति ने शाकिर का फोन नंबर अपने मोबाइल में जट रंधावा नाम से सेव किया। भारत आने के बाद वह शाकिर सहित अन्य से व्हाटसएप, स्नैप चैट, टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क में रहने लगी और देश विरोधी सूचनाएं उन तक पहुंचाने लगी। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने दानिश को जासूसी के आरोप में वांछित घोषित कर रखा है।

सोशल मीडिया एकाउंट पर रखी नजर-आईबी से इनपुट मिलने के बाद हिसार पुलिस ने ज्योति के सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखनी शुरू कर दी। उसके वीडियो, फोन कॉल भी खंगाले गए। शुक्रवार रात करीब दो बजे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार ज्योति ने भारतीय सैन्य ठिकानों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेजी। पाकिस्तानी एजेंसियों ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की सकारात्मक छवि दिखाने के लिए सक्रिय रूप से ज्योति का इस्तेमाल किया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ज्योति के पीआईओ के एक व्यक्ति के साथ नजदीकी संबंध हैं। ज्योति ने पाकिस्तान के अलावा इंडोनेशिया के बाली की भी यात्रा कर चुकी है।

पिता बोले- बेटी बेकसूर- ज्योति के पिता हरीश मल्होत्रा ने कहा कि उनकी बेटी बेकसूर है। वह पाकिस्तान गई थी, लेकिन उसने कोई गलत काम नहीं किया। वह पाकिस्तान सरकार से वीजा लेकर गई थी। उनकी बेटी को फंसाया जा रहा है। उनके घर कभी कोई पाकिस्तानी नहीं आया। न ही कभी किसी पाकिस्तानी ने फोन किया।

ऐसे हुई थी ज्योति की दानिश से मुलाकात- ज्योति मल्होत्रा ने 22 अक्टूबर 2018 को अपना पासपोर्ट बनवाया था। इसके बाद भी वह जॉब करती रही। करीब तीन साल पहले ट्रैवल विद जो नाम से यूट्यूब चैनल बनाया और वीडियो बनाने लगी। शुरूआत में व्यूज ज्यादा नहीं आते थे। इसके चलते ट्रैवल ब्लॉगिंग करना शुरू कर दिया। इसी कड़ी में वह दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश के संपर्क में आई और जासूसी करने के जाल में फंस गई।

ज्योति के पांच साथी भी गिरफ्तार- बता दें कि हिसार पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें यूटयूबर ज्योति मल्होत्रा तथा उसके पांच साथी शामिल हैं। ज्योति को हिसार के न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया है। ज्योति ट्रैवल विद जो नाम से अपना यू ट्यूब चैनल चलाती है।

## पाक गोलाबारी की आड़ में घुसपैठ की कोशिश

ऑपरेशन को सैंकड़ों सुरक्षाकर्मी के साथ एएसपी मोहन शर्मा ने नेतृत्व किया है।

पाकिस्तानी सेना ने हाल ही में पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास गोलाबारी की है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इस गोलाबारी से आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश की गई है।

## चुनावी आहट के बीच सपा भाजपा के बीच कड़वाहट

लखनऊ विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र के प्रो. संजय गुप्ता कहते हैं कि राजनीति में इस तरह के हमले कोई नई बात नहीं है।

जब-जब चुनावों की आहट होती है, तब-तब राजनेता एक-दूसरे हमलावर हो जाते हैं। मानो यह चुनावी तैयारियों का एक अहम हिस्सा हो। ऐसा सिर्फ यूपी या भारत में ही नहीं, बल्कि अन्य लोकतांत्रिक देशों में भी देखने को मिल रहा है। बता दें, वर्ष 2026 की शुरूआत में प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं।

सपा मीडिया सेल के एक्स अकाउंट पर शनिवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लिखा गया कि बात-बात पर सपा के डीएन पर बयानबाजी करने वाले ब्रजेश पाठक अपना डीएनए अवश्य चेक करवाएं। इसकी रिपोर्ट सोशल मीडिया पर भी जरूर डालें, जिससे उनका असली डीएनए तो पता चले। उसके बाद जो लिखा गया, वो इतना अमर्यादित था कि उसका जिक्र भी करना मुनासिब नहीं है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा मुखिया को टैग करते हुए एक्स पर लिखा- अखिलेशजी, ये आपकी पार्टी की भाषा है? ये आपकी पार्टी का ऑफिशियल हैंडल है। लोकतंत्र में सहमति-असहमति, आरोप-प्रत्यारोप सब चलते आए हैं और चलते रहेंगे, पर आप अपनी पार्टी को इस स्तर पर ले आएंगे? क्या आदरणीय डिंपलजी इस स्त्री विरोधी और पतित मानसिकता को स्वीकार करेंगी? इसके बाद सपा के एक्स अकाउंट से उस पोस्ट को धमकी भरे अंदाज में यह कहते हुए हटा लिया गया कि हम तो पोस्ट डिलीट कर दे रहे हैं, लेकिन आप आइंदा से डीएनए की भाषा का इस्तेमाल करने से पहले सोचिएगा कि जब आप किसी कांच के ऊपर पत्थर मारते हैं, तो पलटकर टुकड़े अपनी ओर भी आते हैं।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा का चरित्र घटिया, घिनौना और समाज विरोधी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की लोकप्रिय सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को लेकर सपा के अधिकृत अकाउंट से पोस्ट किया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव तत्काल माफी मांगे, अन्यथा पूरी सपा बहुत पछताएगी। इसकी सजा यूपी की जनता सपा को समाप्त करके देगी।

दलित पक्षधरता से ब्रजेश पाठक पर हमला : निर्मल- उप्र. अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के खिलाफ सपा की अमर्यादित टिप्पणी की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। डॉ. निर्मल ने कहा कि ब्रजेश पाठक इन दिनों दलित मुद्दों को लेकर काफी मुखर थे। यह सपा को पच नहीं रहा है।

## कई देशों में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच एक नई वैक्सीन को मंजूरी

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, हांगकांग और सिंगापुर जैसे शहरों में कोरोना के मामलों के साथ अस्पताल में भर्ती होने वालों और यहां तक कि मौतों के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है। ये लगभग एक साल में पहली बड़ी वृद्धि है।

कई देशों में बढ़ते खतरों को देखते हुए स्वास्थ्य संगठनों ने सभी लोगों को अलर्ट किया है।

एफडीए ने एक और नए वैक्सीन को दी मंजूरी-कोरोना के बढ़ते जोखिमों के बीच अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने नोवावैक्स के एक नए टीके को मंजूरी दे दी, हालांकि इसके साथ कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। ये टीके सिर्फ उन्हीं लोगों को दिए जा सकेंगे जो इसके लिए उपयुक्त होंगे।

अनुमोदन पत्र के अनुसार, नुवैक्सोविड नामक वैक्सीन का उपयोग 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों और 12 से 64 वर्ष के बीच के उन लोगों के लिए किया जा सकेगा जिनमें कम से कम एक अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या (कोमोरबिडीटी) है। ये स्थितियां कोविड संक्रमण के कारण गंभीर बीमारी विकसित होने के जोखिम को बढ़ाती है।

यूएस स्थित नेबरास्क मेडिसिन में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ मार्क.ई.रप बताते हैं, वर्तमान में अमेरिका सहित दुनिया के कई हिस्सों में सबसे प्रमुख वैरिएंट छढ.8.1 है, जिसके 70% मामले हैं। इसके बाद ऋछ है जिसके 9% मामले हैं। ओमिक्रॉन का मूल वैरिएंट अब लगभग खत्म हो चुका है और फिलहाल इसके सब-वैरिएंट्स के ही मामले देखे जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ये वैरिएंट वैसे तो ज्यादा खतरनाक नहीं हैं पर लोगों की समय के साथ कमजोर होती प्रतिरक्षा के कारण वायरस अधिक आसानी से फैल रहा है।

अप्रैल में इसी वैरिएंट के कारण बढ़ा था संक्रमण-इससे पहले अप्रैल के महीने में भी दुनिया के कई हिस्सों में छढ.8.1 वैरिएंट के कारण संक्रमण के मामले बढ़ते हुए देखे गए थे। यूके-ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में कोरोना के इस वैरिएंट के कारण संक्रमण बढ़ने की खबरें सामने आई थीं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जनवरी में एलपी.8.1 की वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण वृद्धि को देखते हुए इसे 'वैरिएंट अंडर मॉनिटरिंग' के रूप में वगीर्कृत किया था। हालांकि वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने माना था कि ये ज्यादा खतरनाक या चिंताजनक नहीं है। चूंकि ये ओमिक्रॉन के ही एक वैरिएंट का अपडेटेड वर्जन है इसलिए इसके कारण गंभीर स्तर के संक्रमण होने का जोखिम कम है।

# कौशांबी में आत्महत्या का प्रयास, बचाव में कूदे कांस्टेबल अंकित तोमर की मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

गाजियाबाद के कौशांबी क्षेत्र में शनिवार एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां आत्महत्या की कोशिश कर रही एक महिला को बचाने के प्रयास में ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल अंकित तोमर (33 वर्ष) की जान चली गई। यह घटना कौशांबी की मुख्य नहर पर उस समय हुई, जब आरती (29 वर्ष) नाम की महिला ने पारिवारिक विवाद से तंग आकर नहर में छलांग लगा दी।

बताया जा रहा है कि आरती वैशाली इलाके की निवासी हैं और पति व सास के साथ घरेलू विवाद के चलते मानसिक रूप से परेशान थीं। उसने अपनी सास पर गहने चोरी का आरोप लगाया था, जिसके बाद परिवार में तनाव और बढ़ गया। इस घटना से दुखी आरती ने अपने भाई से बात की, इसके बाद आरती ने आत्महत्या का प्रयास किया।





आरती के नहर में कूदते ही वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी कांस्टेबल अंकित तोमर और टीएसआई रवि ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नहर में छलांग लगा दी। नहर में पानी गंदा और गहरा था, लेकिन दोनों पुलिसकर्मी बिना अपनी जान की परवाह किए महिला को बचाने की कोशिश में लग गए। कड़ी मशक्कत के बाद महिला और टीएसआई रवि को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन कांस्टेबल अंकित तोमर तेज बहाव में बह गए।

लगभग दो घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अंकित तोमर का शव कुछ दूरी पर बरामद हुआ। उन्हें मृत अवस्था में बाहर निकाला गया। अंकित तोमर मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के बरोला जाफराबाद गांव के निवासी थे और अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। उनके पीछे पत्नी शशि और वृद्ध पिता सूबे सिंह रह गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस लाइन में रविवार को शहीद कांस्टेबल को राजकीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गोड, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी, और डीसीपी सिटी धवल जायसवाल समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने अंतिम विदाई में भाग लिया।

पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गोड ने भावुक होते हुए कहा, अंकित तोमर ने अद्वितीय साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए एक महिला की जान बचाई। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर मानवता और पुलिस सेवा की सर्वोच्च मिसाल पेश की है। यह बलिदान सदैव याद रखा जाएगा।

# छाया पब्लिक स्कूल में 15 दिवसीय समर कैंप का आगाज, बच्चों की प्रतिभा को मिलेगी नई उड़ान

**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**

मोदीनगर, गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल में शनिवार को 15 दिवसीय समर कैंप का भव्य शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने फीता काटकर किया। कैंप में बच्चों को रोबोटिक्स, खेल, संगीत, नृत्य और नाट्य मंचन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अरुण त्यागी ने बताया कि कैंप में बच्चों को रोबोटिक्स, खेल, संगीत, नृत्य और नाट्य मंचन समेत कई रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस कैंप में तीन आउटडोर गतिविधियां भी शामिल की गई हैं। साथ ही, बच्चों को वाद्य यंत्रों का अभ्यास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कला और वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाना भी सिखाया जाएगा।



डॉ. अरुण त्यागी ने बताया कि यह कैंप छात्रों में नवाचार और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल है। कैंप के दौरान प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों की विशेषज्ञ हस्तियां बच्चों को संबंधित विषयों की बारीकियां और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेंगी। समापन दिवस पर छात्र अपने अभिभावकों के समक्ष सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन करेंगे।

मुख्य अतिथि विनोद वैशाली ने अपने संबोधन में कहा, समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये गतिविधियाँ उन्हें पढ़ाई से अलग कुछ नया और उपयोगी सीखने का मौका देती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता दोनों विकसित होती हैं।

विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने मुख्य अतिथि को पटका, माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और सभी शिक्षकों व विशेषज्ञों का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# राजपूत समाज ने मनाई सम्राट पृथ्वीराज चौहान व महाराणा प्रताप की जयंती



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बागपत। सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज बागपत में राजपूत विकास समिति बागपत के तत्वाधान में सम्राट पृथ्वीराज चौहान एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय प्रार्थना द्वारा राकेश आर्य एवं ब्रह्मपाल जी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर चंद्रमोहन सिंह प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश रहे। उन्होंने कहा कि राजपूतों ने हमेशा राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए लड़ाईयां लड़ी है। महाराणा प्रताप ने युद्ध को नहीं चुना, बल्कि युद्ध ने महाराणा प्रताप को चुना। उन्होंने अपनी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि क्षमा हमारी संस्कृति का हिस्सा है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने गोरी को क्षमा दान दिया। ठाकुर प्रदीप सिंह ने कहा कि हमें बच्चों को शिक्षित करने के लिए आवश्यक कार्य करने चाहिए। सुदेश चौहान एडवोकेट ने कहा कि समाज से कुरीतियां दूर करने के लिए हमें ध्यान देना चाहिए।नीरज राजपूत ने राष्ट्र वंदना चौक पर ठाकुर रोशन सिंह की मूर्ति लगाने का आह्वान किया।कहा कि परमवीर चक्र में सबसे अधिक पुरस्कार राजपूतो को मिले है। अध्यक्ष सुनील कुमार चौहान ने कहा कि समाज में जिन बच्चों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं, उनको सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजपूत भवन का निर्माण शीघ्र शुरू किया जाएगा।संचालन मनोज कुमार आर्य एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय चौहान, अमित चौहान प्रधानाचार्य गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत, अजीत सिंह गौरीपुर मितली, दीपक चौहान अटेरणा करणी सेना, श्रीनिवास अध्यक्ष, राजेंद्र सिंह प्रबंधक एसपीआरसी डिग्री कॉलेज बागपत, प्रहलाद सिंह टटीरी, विजय सिंह फौजी, राजेश चौहान, सुनील सिंह खतौली, धर्मपाल सिंह पाली ,चौधरी प्रेमपाल, मास्टर वेदपाल मीतली श्रीकांत, शेखर चौहान, सतपाल पाली, गौरव प्रधान, जसवीर, सुनील मुखिया, जितेंद्र गौरीपुर, अशोक चौहान, दिनेश प्रधान, इंद्रपाल प्रधान ,यशपाल सिसाना, सचिन राजपूत, राकेश आर्य, ब्रह्मपाल जी प्रधान आर्य प्रदेश सभा बागपत, मास्टर विजयपाल, विनोद कुमार पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत टटीरी, ब्रज कुमार आदि हजारों लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय वैश्य परिवार महासंघ की कोर कमेटी की आनलाइन बैठक मे लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बागपत। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ की आनलाइन बैठक आयोजित की गयी जिसमें संगठन के कोर कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अनुराग गुप्ता ने कहा बताया कि बैठक में निर्णय लिये गये कि संगठन में जो भी सदस्य तीन माह तक पद पर रहने के बाद कार्य नहीं करेगा वो पदमुक्त हो जायेगा, उनहौने ये भी बताया कि जिन सदस्यों ने पिछले वर्ष सदस्यता शुल्क दिया था वो जब तक संगठन में सक्रिय रहेंगे उनकी सदस्यता बरकरार रहेगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने बताया कि संगठन वैश्य रत्न, भामाशाह सम्मान, अग्र माधवी सम्मान, वैश्य गौरव सम्मान₹ से समाज की 101 विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा, साथ ही वैश्य समाज के प्रतिभाशाली बच्चो को भी सम्मानित किया जायेगा।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राममोहन गुप्ता ने कहा कि संगठन वैश्य समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित करेगा। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री अंकित गुप्ता ने कहा कि सम्मान समारोह में देशभर के वैश्य सामिल होगे। राष्ट्रीय सचिव सचिन गुप्ता ने कहा कि जिन विभूतियों को सम्मानित करना है उनकी चयन प्रक्रिया हेतु एक टीम का गठन किया जायेगा। प्रदेश कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता ने कहा कि संगठन में सदस्यता अभियान भी जुलाई माह से प्रारम्भ किया जायेगा। इस अवसर पर डॉ राजीव गुप्ता, राममोहन गुप्ता, अंकित गुप्ता, डॉ अनुराग गुप्ता, योगाचार्य राजीव जैन, सचिन गुप्ता, नितिन गुप्ता, अमित गुप्ता, मुकेश गुप्ता बिजनौर, राकेश जैन दिल्ली आदि उपस्थित रहे

# यूनुस प्रधान इंडस्ट्रीज ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष बने

**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**

बागपत। इंडस्ट्रीज ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक एसोसिएशन के जिला कार्यालय जिन्दल निवास नेहरू रोड बडौत पर जिलाध्यक्ष डॉ योगेश जिन्दल की अध्यक्षता में हुई।
बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष अंकुर जैन प्रधान जी ने किया। बैठक में मिस्त्री यूनियन के अध्यक्ष यूनुस प्रधान को अंकुर जैन की संस्तुति और राष्ट्रीय महामंत्री प्रिंस कंसल के अनुमोदन पर इंडस्ट्रीज ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर अपने



सम्बोधन में डॉ जिन्दल ने कहा कि हमारे लिए पार्टी बाद में हैं, सबसे पहले व्यापारी हित है।

यदि किसी व्यापारी भाई चाहे वह किसी भी पार्टी से संबंध रखता हो, पीड़ित होगा तो उसकी मदद के लिए हमारी टीम वहा जाकर उसकी मदद करेंगी। अंकुर जैन ने कहा कि बुधवार की साप्ताहिक बंदी में बाजार बंद होना चाहिए। नवनियुत जिला उपाध्यक्ष यूनुस प्रधान ने कहा कि मैं कंधे से कन्धा मिलाकर व्यापारी हित में कार्य करूँगा। बैठक में अयूब खान, दानिश कुरैशी, अनस कुरैशी रोबिन गोयल, अतुल जैन आदि उपस्थित थे।

# 1857 की क्रांति में शहीद हुए अग्रवाल बंधुओं की प्रतिमाएं स्थापित करेगा अग्रवाल समाज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। आजादी के आंदोलन से लेकर नये भारत निर्माण तक में अग्रवाल समाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समाज को दिशा दिखाने और शिक्षा के साथ विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करना होगा। संख्या बल, योग्यता के बावजूद राजनीति के क्षेत्र में अग्रवाल समाज की भागीदारी बेहद कम है। हमें समाज को वोट डालने के साथ उन्हें राजनीतिक भागीदारी प्राप्त करने हेतु के लिये प्रेरित करना होगा। उक्त बातें अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रान्तीय कार्यकारिणी सभा को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, उ.प्र. सरकार कपिल अग्रवाल ने कही। सम्मेलन में यह भी तय हुआ कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में अग्र भागवत पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। व्यापारियों के हित में और उनकी आवाज उपयुक्त मंचों पर उठाने के लिए उत्तर प्रदेश में व्यापारी कल्याण समिति का गठन किया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रान्तीय कार्यकारिणी सभा को संबोधित करते हुए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल जी ने कहा की अग्रवाल समाज को आगे बढ़ाने के लिये समाज के युवाओं को जागृत करना और समाज हित में निरंतर और सार्थक प्रयास करना आवश्यक है।

आईआईएमटी विश्वविद्यालय में रविवार को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रान्तीय कार्यकारिणी सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपाल शरण गर्ग राष्ट्रीय अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र अग्रवाल पूर्व सांसद, मेरठ- हापुड़ लोकसभा क्षेत्र, गोपाल गोयल राष्ट्रीय महामंत्री, अ.भा. अग्रवाल सम्मेलन, श्री अभिमन्यु गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का डा0 मयंक अग्रवाल जिलाध्यक्ष, अ.भा. अग्रवाल सम्मेलन ने स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र अग्रवाल ने कहा की समाज को एकजुट करने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले से अग्रोहा शक्ति पीठ के लिए बसें जाएंगी। सभी बंधु-बांधवों को भोजन और रहने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। 1857 की क्रांति में जिन अग्रवाल बंधुओं ने अपने जीवन का बलिदान दिया था उन शहीदों की प्रतिमाएं भी अग्रोहा शक्ति पीठ में स्थापित की जाएंगीं। सुरेन्द्र अग्रवाल जी ने डा0 मयंक अग्रवाल जी की प्रशंसा करते हुए उनसे समाज हित में कार्य करते रहने को प्रेरित किया। नवनीत गुप्ता, विकास गोयल, ललित जिन्दल, पीयूष गोयल,विजय बंसल,अनुज जिन्दल आदि मौजूद रहे।

# हिन्दू युवा वाहिनी ने की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में पुष्प वर्षा

बागपत। सनातन ठाकुरद्वारा मंदिर खेकड़ा में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोउच्चारण के साथ विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुई।

प्राण प्रतिष्ठा का लेकर श्रदालुओं में काफी उत्साह व जोश देखा गया। खेकड़ा मैन बाजार ठाकुरद्वारा मंदिर से जैसे ही प्रतिमाओं की नगर परिक्रमा शुरू हुई, मानो पूरा नगर सड़कों पर आ गया। पूरा नगर जयकारों से गुंजने लगा, महिला, पुरुष भजनो पर खूब थिरके। हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं के परिक्रमा में प्रतिमाओं व यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की।भीषण गर्मी को देखते हुए उन्हें ठन्डे पानी के पैकेट बाटे। जिला अध्यक्ष नीरज धामा ने कहा कि मंदिर ठाकुरद्वारा बहुत पुराने समय से खेकड़ा के हर हिन्दू की आस्था का केंद्र है, इसलिए आज नगर का हर हिन्दू परिक्रमा यात्रा में शामिल है। महामंत्री नरेश शर्मा ने कहा कि हिन्दू युवा वाहिनी धार्मिक कार्यों में हमेशा अपना योगदान देती रहेगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष किशन गुप्ता मंत्री नरेन्द्र शर्मा अजय शर्मा शिवा तोमर नवीन शर्मा अजय तोमर वॉवी धामा दीपक शर्मा आदेश धामा संदीप प्रजापति हेमंत चंदेला रोहित राव वंश आर्यन धामा रचित आदि उपस्थित रहे

# मोदीनगर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, एक घायल, एक फरार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी। शनिवार देर शाम मुखबिर से सूचना मिली कि हाल ही में स्नैचिंग की वारदात में शामिल दो युवक मोटरसाइकिल से मेरठ की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध मार्गों पर चेकिंग तेज कर दी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए।

# मेरठ से वीर भूमि दिल्ली के लिए पदयात्रा निकालेंगे कांग्रेसी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर ने बताया कि यह पदयात्रा 21मई 2025 को पुर्व प्रधान मंत्री स्व. राजीव गांधी 34वे बलिदान दिवस के उपलक्ष में सेवा दल के तत्वधान मे निकल जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले काफी वर्षों से यह पद यात्रा निकाली जा ती रही थी लेकिन कुछ वर्षों से यह पदयात्रा स्थगित चल रही थी। उन्होंने बताया कि यात्रा का समापन 21 मई 2025 को सुबह राजीव गांधी जी की समाधि स्थल वीर भूमि नई दिल्ली वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की उपस्थिति में किया जायेगा ।

# मुरादनगर में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**

मुरादनगर थाना क्षेत्र स्थित गुलशन कॉलोनी में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके पांच साथी मौके से फरार हो गए।

एसीपी मसूरी सर्किल के अनुसार, गुलशन कॉलोनी में अवैध पटाखा निर्माण की सूचना मुखबिर के माध्यम से प्राप्त हुई थी। इस पर मुरादनगर थाना पुलिस ने देर रात छापा मारकर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान आरोपी इरफान को गिरफ्तार किया गया, जबकि कामिल, समीर, आस मोहम्मद, महबूब और इसरार नामक आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में पटाखा बनाने का कच्चा माल बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद मांग अधिक होने के चलते आरोपी यह अवैध कारोबार चला रहे थे। ये लोग एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखों की आपूर्ति करते थे और आगामी दीवाली के लिए पहले से ही स्टॉक तैयार कर रहे थे।

**तिरंगा यात्रा** | ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा

# कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह ऑपरेशन सिंदूर की बनी आवाज

**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**

बागपत-गांव निवाड़ा में भाजपा महिला मोर्चा ने सैनिको के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली।

यात्रा खूबीपुर निवाड़ा, भजन बिहार से शुरू होकर, सोनीपत मोड़ से होते हुए श्री शिव मन्दिर पर समापन हुई।

यात्रा का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लता सिसोदिया ने किया। इस यात्रा में भाजपा कार्यकताओं सहित सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद ओर जय हिंद की सेना के नारे लगाए।

ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा की जिला संयोजिका मीनाक्षी सिसोदिया व राखी राजपूत ने जानकारी देते हुए



बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी तिरंगा यात्राओं का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी के अंतर्गत बागपत देहात मंडल में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है,

उन्होंने बताया कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे आतंकी बैठे थे, उस पाकिस्तानी सेना को भारत की थल, वायु व नौसेना ने धूल चटा दी है।

कहा कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके भारतीय सेना ने विश्व में परचम लहराया है। इसमें महिला सैनिक विंग कमांडर व्योमिका सिंह व कर्नल सोफिया कुरैशी की भी अहम भूमिका रही। वे ऑपरेशन सिंदूर की आवाज बन गई है। जिन्हें पूरा भारत देश सम्मान की दृष्टि से देख रहा है।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज, प्रिया कुमारी, सुनीता यादव, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी दीपेश तोमर, रविन्द्र आर्य, कविता, अमित उपाध्याय, पिंकी, सतेन्द्र मौर्य, कविता, दिनेश प्रधान, कृष्ण, सरिता, शिवानी, बबली, ज्योति मौर्य, कंवरपाल, सरिता, गीता, पूजा, दयावती, आरती, जुली, रेखा, साजिद राणा, ऋषिपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## मंत्री की अनर्गल बयानबाजी अक्षम्य

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की बहादुर सेना ने जब पाक को सबक सिखा, देश को गौरव का अहसास कराया तब नफरती ट्रोल सेना, नीचता की सीमा तक गिरती नजर आई। जिसके विरोध में देश में तीखे गुस्से की लहर देखी गयी। इस बिगड़ैल ट्रोल सेना ने ऑनलाइन गाली-गलौज करने में किसी को भी नहीं बख्शा। यहां तक कि सादगी के व्यक्तित्व व गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति वाले विदेश सचिव विक्रम मिसरी तक को नहीं छोड़ा। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी निशाने पर आए। यहां तक कि पहलगाम हमले में विधवा हुई हिमांशी नरवाल को भी नहीं बख्शा गया। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने और पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को निशाने पर न लेने का आह्वान किया था। निश्चित रूप से यह देश में सामाजिक समरसता के लिये वक्त की आवाज भी थी। लेकिन सबसे परेशान करने वाली घटना वह थी, जिसमें भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री विजय शाह ने बेसिर-पैर का सांप्रदायिक सोच वाला बयान दिया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरूआत में मंत्री विजय शाह ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल की प्रेस ब्रीफ देने वाली कर्नल सोफिया के बारे में चौंकाने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। निश्चय ही देश के लिये महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सैन्य अधिकारी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। मंत्री ने असंगत रूप से पहलगाम में आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों से दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से साम्य दर्शाने का कुत्सित प्रयास किया। हालांकि यह टिप्पणी सोमवार को की गई थी, लेकिन मंत्री शाह के खिलाफ प्राथमिकी मुश्किल से बुधवार रात दर्ज की गई। वह भी शासन द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बजाय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ही दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ ह्यगटर की भाषाह्ल इस्तेमाल करने के लिए मंत्री शाह को फटकार लगायी। सही मायनों में हाईकोर्ट ने न केवल मंत्री को आईना दिखाया बल्कि तमाम बेलगाम बयानबाजी करने वालों को भी सख्त संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जब आरोपी मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से राहत के लिये गुहार लगायी तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आड़े हाथ लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को चेतावनी दी कि एक मंत्री को ऐसे समय में जिम्मेदारी की भावना के साथ बोलना चाहिए, जब देश चुनौतिपूर्ण स्थिति से गुजर रहा हो। फिर कोर्ट की सख्ती के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने फिर सफाई दी कि वह कर्नल कुरैशी का अपनी बहन से ज्यादा सम्मान करते हैं। लेकिन जैसे कमान से निकला तीर वापस नहीं लौटता है, उसी तरह उनकी अनर्गल बयानबाजी से जो नुकसान हो चुका था, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। इससे बड़ी विसंगति यह भी कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की तात्कालिक गंभीर पहल नहीं की। यह विडंबना ही है कि पार्टी नेतृत्व इंतजार का खेल खेल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मंत्री अपने बचाव के लिये कानूनी विकल्पों को आजमाने में व्यस्त रहा है। दरअसल, भाजपा की राजनीतिक मजबूरी यह है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से वे पार्टी के लिये महत्वपूर्ण हैं। वे उस राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्री हैं जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी का पांचवां हिस्सा मौजूद है। लेकिन इतना तो तय है कि चाहे उनका राजनीतिक प्रभाव कितना भी क्यों न हो, उन्हें सशस्त्र बलों के साथ-साथ ही महिलाओं का अपमान करने की छूट नहीं मिल जाती। पार्टी को राष्ट्र को आश्वस्त करने के लिये अनुकरणीय कार्रवाई करनी ही चाहिए। तभी समाज में यह साफ संदेश जाएगा कि हम आतंकवाद और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं और नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निश्चय ही इस मामले में अदालत की सख्त टिप्पणियां न केवल आरोपी मंत्री बल्कि उन सभी नेताओं के लिये सबक हैं जो लगातार अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। जो यह बताता है कि जनता की उदासीनता से हम कैसे-कैसे लोगों को अपना नेता चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज रहे हैं।

# विकल्प और भी हैं तुर्किये को सबक सिखाने के

**राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन का दोहरा चरित्र किसी से छिपा नहीं है। छद्म राष्ट्रवाद के बहाने तुर्किये की जो दुर्दशा एर्दोआन कर रहे हैं, उसकी हालिया मिसाल एक रिपोर्ट है, जिसमें जानकारी दी गई, कि तुर्किये के दस में केवल चार युवाओं को ही रोजगार मिल सका है। एर्दोआन, ट्रंप के गुडबुक में आने के वास्ते दिलोजान से लगे हुए हैं। अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने 7 मई, 2025 को राष्ट्रपति ट्रम्प को लिखे एक पत्र में तुर्किये को एफ-35 जेट की किसी बिक्री का विरोध किया है। पत्र में चेतावनी दी गई, कि तुर्किये द्वारा एस-400 सिस्टम को बनाए रखना, उसे नाटो और अमेरिकी तकनीक के साथ असंगत बनाता है। सांसदों ने उल्लेख किया, कि 2019 में काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट के तहत तुर्किये को एफ-35 ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर प्रोग्राम से हटा दिया गया था।**



एर्दोआन जिस तरह पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को साध रहे हैं, उनका इलाज, उन्हीं की भाषा में किया जाना चाहिए। भारत को चाहिए कि वह उत्तरी साइप्रस में तुर्किये के कब्जे के सवाल पर अपने चार सेंट्रल एशियाई मित्रों के साथ खड़ा दिखे। हिसाब हो जायेगा बराबर!

तुर्किये के राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन अपनी प्रशंसा से गद्?गद हैं। पाकिस्तान में तुर्किये के राजदूत इरफान नेजीरोग्लू के साथ मुलाकात के दौरान शहबाज शरीफ ने कहा, राष्ट्रपति एर्दोआन ने एक बार फिर पाकिस्तान के लोगों के प्रति अपने प्यार का प्रदर्शन किया है। उन्होंने पाकिस्तान-तुर्किये भाईचारे के इतिहास में एक नया और गौरवशाली अध्याय जोड़ा है। लेकिन, तुर्किये की इस करतूत के खिलाफ भारत में लगातार गुस्से का इजहार किया जा रहा है। यह विडम्बना ही है, भारत के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाने वाला तुर्किये, इन दिनों रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेजबानी कर रहा है। लेकिन क्या तुर्किये का इलाज उसकी चंद कंपनियों को भारत में काम करने से रोकने, तुर्किये के विश्वविद्यालय इनोनु के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता रद्द कर देने भर से सम्भव है?

प्रश्न यह भी है, कि क्या जेएनयू को ऐसा कोई निर्देश मानव संसाधन मंत्रालय से गया था, कि इनोनु से 2028 तक हुआ एमओयू तोड़ दो? जेएनयू का चीनी विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिए एमओयू हो चुका है। इनमें संयुक्त शोध परियोजनाएं, शिक्षक-छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम, और पाठ्यक्रम विकास शामिल हैं। जेएनयू के ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क ने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों के साथ 35 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित किए हैं। संयुक्त शोध परियोजनाओं पर पेइचिंग विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी भी की है। तुर्किये समेत इन सभी देशों से भारत के कूटनीतिक सम्बन्ध सामान्य चल रहे हैं। फिर, तुर्किये के विश्वविद्यालय इनोनु के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता स्वतःस्फूर्त तरीके से रद्द कर देना, कई सवाल खड़े कर देता है। तुर्किये के विश्वविद्यालय के साथ ऐसा कर सकते हैं, तो चीनी विश्वविद्यालयों के साथ क्यों बगलगीर हैं? भारत-पाक युद्ध में चीनी मिसाइलें छूट रही थीं। चीनी रक्षा प्रणाली नहीं होतीं, तो पाकिस्तान की मिट्टी-पलीद हो जाती। लेकिन चीन के विरुद्ध चूं नहीं बोला जा रहा है।

राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन का दोहरा चरित्र किसी से छिपा नहीं है। छद्म राष्ट्रवाद के बहाने तुर्किये की जो दुर्दशा एर्दोआन कर रहे हैं, उसकी हालिया मिसाल एक रिपोर्ट है, जिसमें जानकारी दी गई, कि तुर्किये के दस में केवल चार युवाओं को ही रोजगार मिल सका है। एर्दोआन, ट्रंप के गुडबुक में आने के वास्ते दिलोजान से लगे हुए हैं। अमेरिकी सांसदों के एक द्विदलीय समूह ने 7 मई, 2025 को राष्ट्रपति ट्रम्प को लिखे एक पत्र में तुर्किये को एफ-35 जेट की किसी बिक्री का विरोध किया है। पत्र में चेतावनी दी गई, कि तुर्किये द्वारा एस-400 सिस्टम को बनाए रखना, उसे नाटो और अमेरिकी तकनीक के साथ असंगत बनाता है। सांसदों ने उल्लेख किया, कि 2019 में काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट के तहत तुर्किये को एफ-35 ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर प्रोग्राम से हटा दिया गया था। उन्होंने चेतावनी दी, कि तुर्किये को फिर से शामिल करना, उस कानून का उल्लंघन होगा, जो एस-400 के चालू रहने के दौरान एफ-35 के पुर्जों, या सहायता के हस्तांतरण पर रोक लगाता है।

ट्रंप-एर्दोआन दोस्ती से अलहदा, भारत-तुर्किये दोस्ती पर हम वापस लौटते हैं। इस समय सरकारी से अधिक प्राइवेट प्रतिबंधों का दौर शुरू है। ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी, ईजी ट्रिप प्लानर्स और कॉक्स एंड किंग्स सहित प्रमुख भारतीय ट्रैवल प्लेटफॉर्म ने तुर्किये और अजरबैजान के लिए प्रचार और सेवाएं भी स्थगित कर दी हैं। कॉक्स एंड किंग्स के एक कार्यकारी करण अग्रवाल ने कहा, कि कंपनी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है, और स्थिति में सुधार होने पर परिचालन फिर से शुरू करने पर विचार करेगी। भारत के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार, 2024 में लगभग पांच लाख भारतीयों ने तुर्किये का दौरा किया था, जो 2019 के आंकड़ों से दोगुना है। पिछले साल भी अजरबैजान में 80,000 से ज्यादा भारतीय पर्यटक आए थे। निश्चित रूप से इसका असर इन देशों के पर्यटन व्यवसाय पर पड़ेगा।

भारत ने वित्त वर्ष 2024 में तुर्किये को 3,885 वस्तुओं का निर्यात किया, जो कुल जमा 6.66 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। इसी अवधि में भारत ने तुर्किये से 2,482 वस्तुओं का आयात किया, जिसकी कीमत 3.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, यानी इस आयात-निर्यात में फायदा भारत को ही हो रहा था।

डबल से थोड़ा कम। सेन्ट्रल बैंक ऑफ तुर्किये के अनुसार, भारतीय कंपनियों ने तुर्किये में लगभग 126 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। इधर भारत में तुर्किये का निवेश लगभग 210.47 मिलियन डॉलर है। अंकारा स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, तुर्किये में पंजीकृत प्रमुख भारतीय कंपनियों में ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, महिंद्रा, सोनालीका, टाटा मोटर्स, जिंदल, इंडो-रामा, बिड़ला सेल्यूलोज, पॉलीप्लेक्स, जीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेरिल लिंच, पुंज लॉयड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, थर्मैक्स, विप्रो, डाबर, जैन इरिगेशन जैसी 150 भारतीय कम्पनियां हैं। लाखों लोगों का रोजगार इससे चल रहा है। तो क्या सारी कंपनियों पर ताला लगा देना चाहिए?

प्रधानमंत्री मोदी बार-बार यह वाक्य अपने भाषणों में इस्तेमाल कर रहे हैं, ट्रेड और टेरर साथ-साथ नहीं चल सकता। मुझे लगता है, इसमें थोड़ा संशोधन की जरूरत है। अगर सचमुच इस थ्योरी पर पूरी दुनिया चलना शुरू करे, तो 193 में एक-चौथाई देश ही कारोबार के लिए रह जायेंगे। पूरी दुनिया में क्रॉस बॉर्डर टेररिजम के साथ-साथ कारोबार भी चल रहा है। एर्दोआन जिस तरह पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को साध रहे हैं, उनका इलाज, उन्हीं की भाषा में किया जाना चाहिए।

उदाहरण के लिए, तुर्किये और साइप्रस के बीच तनाव मुख्यतः साइप्रस द्वीप के विभाजन, समुद्री सीमा विवाद, ग्रीक साइप्रसियों और तुर्किये साइप्रसियों के बीच संबंधों को लेकर है। वर्ष 1974 में तुर्किये के साइप्रस पर आक्रमण के बाद, द्वीप दो हिस्सों में विभाजित हो गया। तुर्किये गणराज्य अंकारा द्वारा मान्यताप्राप्त उत्तरी साइप्रस (टीआरएनसी) का हिस्सा है, और उसके बरक्स एक वैसा साइप्रस गणराज्य खड़ा है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा मान्यता प्राप्त है। एर्दोआन जिस तरह से कश्मीर में खेल रहे हैं, भारत भी ग्रीक साइप्रसियों के साथ खड़ा दिखे, तब इस ग्रेट गेम का मजा है।

कजाकिस्तान, उजबेकिस्तान, किर्गिस्तान और तुर्कमेनिस्तान ने हाल ही में दक्षिणी साइप्रस के ग्रीक साइप्रस प्रशासन (जीसीए) में राजनयिक मिशन खोलने का फैसला किया है। इन उद्घाटनों के साथ-साथ, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों 541 और 550 का भी समर्थन किया, जो उत्तरी साइप्रस में तुर्किये की उपस्थिति को कब्जे के रूप में परिभाषित करते हैं। एर्दोआन इस बात को लेकर इन सेंट्रल एशियाई देशों से तपे हुए हैं। भारत को चाहिए कि वह उत्तरी साइप्रस में तुर्किये के कब्जे के सवाल पर अपने इन चार सेंट्रल एशियाई मित्रों के साथ खड़ा दिखे। हिसाब हो जायेगा बराबर!

# मैं बागपत हूँ - खंड 7: बिजरौल और बड़का - शाहमल की आत्मा का पुकारता गांव

**लेखक: सुरेंद्र मलानिया**
**प्रकाशन: नेशनल प्रेस टाइम्स**

अब तक प्रकाशित खंड

1. खंड 1 - बरनावा: प्राचीन ज्ञान का केंद्र 2. खंड 2 - सिनौली: सभ्यता की खुदाई 3. खंड 3 - अमीननगर सराय: ऐतिहासिक संगम 4. खंड 4 - माया त्यागी कांड: सामाजिक प्रतिरोध 5. खंड 5 - चौधरी चरण सिंह: किसान हितों की आवाज 6. खंड 6 - बसौद: क्रांति की रसद 7. खंड 7 - बिजरौल और बड़का: शाहमल का शौर्य मैं बागपत हूँह्व और जब भी मैं अपने अतीत की ओर देखता हूँ, तो कुछ गांवों की मिट्टी आज भी मेरी रगों में लहू की तरह बहती है। उन्हीं में एक नाम है - बिजरौल। और दूसरा - बड़का।







ये सिर्फ गांव नहीं हैं, ये वो स्थान हैं जहाँ इतिहास ने सिर झुकाया, और वीरता ने सिर उठाया। शहीद स्थल - बिजरौल, बागपत

बिजरौल- जहां भारत की पहली स्वतंत्रता क्रांति की असल आग जल उठी। 10 मई 1857 को मेरठ से उठी चिंगारी को बिजरौल ने लपट बना दिया। बाबा शाहमल - बिजरौल का वो सपूत, जिसने अंग्रेजों की नींव हिला दी।

उनके नेतृत्व में हजारों किसानों ने बड़ौत तहसील पर हमला बोलकर सरकारी खजाना लूट लिया। यह सिर्फ लूट नहीं थी - यह गुलामी से इंकार था। बाबा शाहमल के साहस और नेतृत्व को मान्यता देते हुए, अंतिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर ने उन्हें बड़ौत क्षेत्र का सूबेदार नियुक्त किया।

नाव का पुल - जहां हिम्मत ने यमुना लांघी बाबा ने अंग्रेजों की रसद रोकने के लिए बागपत में यमुना नदी पर बना नाव का पुल बारूद से उड़ा दिया। यह केवल बम नहीं था - यह स्वतंत्रता का ऐलान था। बड़का - जहां शाहमल ने अंतिम सांस ली 18 जुलाई 1857 - वह दिन, जब बड़का गांव के जंगलों में वीरता शहीद हो गई।फ्रांसीसी सैनिक एटोनॉकी के नेतृत्व में अंग्रेजों ने हमला किया और बाबा शाहमल वीरगति को प्राप्त हुए।

आंखों देखी की गवाही - बिलियम की कलम से ब्रिटिश कमांडर बिलियम की पुस्तक आंखों देखी में दर्ज है - > हमारी फौज उनके शव से भी डरती रही, कोई पास नहीं गया।

जब अफसरों ने सैनिकों की यह कायरता देखी, तो अपने ही सिपाहियों पर गोलियां चला दीं।यह वह दृश्य था, जिसे इतिहास की आंखें भी भूल नहीं सकतीं। वह बरगद - जो अब भी कांपता है बिजरौल गांव में आज भी वह बरगद का पेड़ खड़ा है, जहां अंग्रेजों ने एक साथ 32 क्रांतिकारियों को फांसी पर लटकाया। यह पेड़ अब भी हर हवा में चीखता है, हर पत्ते में कहानी कहता है।

साथी गांव - क्रांति के गवाह बड़ौत: जहां मोर्चा संभाला गया बिसहड़ा: हथियार तैयार किए गए बसौद: रसद जमा की गई रामपुर: विद्रोह की मशाल उठी बड़का: जहां वीरता शहीद हुई हर गांव ने आजादी के सूरज को अपने हिस्से की रौशनी दी। बिजरौल - आज भी गूंजता है ह्लजय शाहमल! बिजरौल आज भी सिर्फ गांव नहीं है, यह जागती हुई चेतना है।

यहां के बच्चे स्कूल में गुड मॉर्निंग नहीं,

जय शाहमल! कहकर दिन की शुरूआत करते हैं। यह सिर्फ परंपरा नहीं, यह आत्मा का संस्कार है। लेखक की कलम से मैं - सुरेंद्र मलानिया, सिर्फ पत्रकार नहीं शहीदों की मिट्टी का बेटा हूँ।

यह लेख मेरा कर्तव्य नहीं, यह मेरी आत्मा की आवाज है। जब तक मेरी कलम चलेगी, बिजरौल का नाम अमर रहेगा। खंड 8 - विशेष लेख, विशेष जानकारी के साथ शीघ्र आ रहा है! बागपत की धड़कनों में छिपा एक और रहस्य, एक और गांव - एक और बलिदान, जो इतिहास की किताबों से नहीं, दिलों से लिखा जाएगा।

खंड 8 - इंतजार कीजिए उस विशेष अध्याय का, जहाँ फिर जागेगा बागपत- नेशनल प्रेस टाइम्स के साथ।बागपत ज़िंदाबाद।शहीदों को सलाम।

# बाराबंकी की होनहार बेटी नूरीन फातिमा को हाईस्कूल परीक्षा में 95.2% अंक प्राप्त करने पर भव्य सम्मान

## स्वतंत्र देव सिंह ने बाराबंकी ऑडिटोरियम में किया सम्मानित, जिले का नाम रोशन करने पर दी हार्दिक बधाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



बाराबंकी। जनपद की मेधावी छात्रा कुमारी नूरीन फातिमा, पुत्री मोहम्मद फरीद अंसारी ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, विद्यालय एवं समस्त जनपद को गौरवान्वित किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज बाराबंकी ऑडिटोरियम में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नूरीन फातिमा को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि नूरीन फातिमा जैसी प्रतिभाशाली छात्राएँ राष्ट्र का गौरव हैं। उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

सम्मान समारोह में जिले के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण, पत्रकार एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस अवसर पर नूरीन फातिमा ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं सतत परिश्रम को दिया। उन्होंने भविष्य में चिकित्सकीय क्षेत्र में जाकर समाज सेवा करने की इच्छा व्यक्त की।

मोहम्मद फरीद अंसारी ने बेटी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियाँ आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमें उन पर विश्वास करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग देना चाहिए। नूरीन की यह उपलब्धि सभी अभिभावकों के लिए प्रेरणा है।

इस कार्यक्रम ने न केवल नूरीन की सफलता का सम्मान किया, बल्कि पूरे समाज में बेटियों की शिक्षा और उनके भविष्य को लेकर सकारात्मक संदेश भी दिया।

# समीक्षा बैठक में बोले जिलाधिकारी नाथ कॉरिडोर के कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है

## जिलाधिकारी ने नाथ कॉरिडोर और पर्यटन विभाग की स्वीकृत परियोजनाओं की करी समीक्षा

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**



बरेली । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत पर्यटन विभाग की स्वीकृत परियोजनाओं के निर्धारित समयान्तर्गत कार्य प्रारम्भ किये जाने एवं नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत अन्य समस्त विभागों की क्रियान्वित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण ने अवगत कराया कि कार्यदायी संस्था का धर्मकांटा से डेलापीर रोड पर इंटरलॉकिंग का कार्य बहुत ज्यादा खराब है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नाथ कॉरिडोर के कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, यह कार्य मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्थाएं, अन्य जनपद जहां कॉरिडोर का निर्माण हुआ है वहां से मार्गदर्शन भी ले सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेरे द्वारा किये गये निरीक्षणों में कॉरिडोर जैसी फील का कार्य नहीं हुआ है। आज की मीटिंग के बाद कार्य को योजनाबद्ध तरीके से कार्य को गति दें और फिर पुनः कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा। उप निदेशक पर्यटन ने बताया कि पर्यटन विकास के अन्तर्गत पशुपति नाथ मंदिर में प्रवेश द्वार व चाहर दीवारी का कार्य, अलखनाथ मंदिर में मुख्य द्वार, लाइब्रेरी, प्रसाद शॉप, शौचालय व ओपन थियेटर का कार्य, तुलसीमठ मंदिर में मुख्य द्वार, वैदिक लाइब्रेरी, सत्संग भवन, धर्मशाला का कार्य, त्रिवटीनाथ मंदिर में सत्संग भवन, शौचालय, प्रवेश द्वार का कार्य, वनखण्डी नाथ मंदिर में मंदिर के निकट नगर निगम की भूमि पर पार्क, पार्किंग, शौचालय, शॉप्स आदि बनायी जाएगी। बैठक में बुलाए गए महंतों से भी उनके सुझाव मांगे गए, जिसमें मढ़ीनाथ के महंत ने बताया कि मंदिर परिसर में पानी भर जाता है। पशुपतिनाथ के महंत ने बताया कि मुख्य सड़क से मंदिर तक जलभराव हो जाता है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को उक्त समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र ही क्षेत्र का भ्रमण कर कार्य को देखा भी जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष बरेली विकास प्राधिकरण मणिकंदन ए., सचिव बरेली विकास प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप निदेशक पर्यटन, कार्यदायी संस्थाएं सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शाहबाद में यातायात नियमों का पालन करने की दी सीख

रामपुर शाहबाद। रविवार को शाहबाद पुलिस ने परवाह अभियान के तहत यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान यातायात नियम लिखे पेपर भी वितरित किए गए।शाहबाद के रामपुर चौराहे पर कोतवाल पंकज पंत ने परवाह अभियान के मद्देनजर लोगों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। दो पहिया वाहन चालकों से हमेशा हेलमेल का प्रयोग करने और चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान यातायात नियम लिखे पंपलेट बांटे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 21 शिकायतो में 3 का मौके पर निस्तारण

रामपुर शाहबाद। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर 21 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सभासर में एडीएम हेम सिंह ने लोगो की जनसमस्याओ को सुना। इस दौरान एसडीएम हिमांशु उपाध्याय,तहसीलदार राकेश चंद्रा, नायब तहसीलदार हरीश जोशी, बीडीओ प्रमोद कुमार, नायब तहसीलदार अंकुर अत्तल, ईओ पुष्पेंद्र सिंह राठौर, सीएचसी अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## हिमाचल प्रदेश को जा रही बस समान रखने को लेकर मारपीट मुकदमा दर्ज

रामपुर शाहबाद। शनिवार को रविन्द्र पुत्र चन्द्रसैन निवासी ग्राम टाण्डा थाना शाहबाद ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि शनिवार को समय करीब शाम 6 बजे टाण्डा से वह अपनी पत्नी रिंकी व माँ शशिबाला तथा अपने बच्चों आदित्य व वांशिका के साथ बद्दी हिमाचल प्रदेश जाने के लिये बस में अपना समान चढा रहा था,बस में सामान रखने को लेकर बस के ड्राइवर नसीम, कन्डेक्टर,नसीम पुत्र नौसाद, नासिर पुत्र आविद तथा तीन अज्ञात लोगो ने रविंद्र तथा रविन्द्र की पत्नी व माँ के साथ गाली गलौच करते हुये लात व घूसो से मारपीट की और जाति पूछकर जाति सूचक शब्द कहे।आरोप है कि उपरोक्त लोग बस लेकर शाहबाद आये और जब रविंद्र ने बस में जाने से मना किया तो उपरोक्त लोगो ने रविंद्र व उसकी पत्नी तथा मां को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रविंद्र की तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं एवं एससी,एसटी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की है।

# शराब ओवर रेटिंग व स्कूल संचालकों की मनमानी के विरुद्ध अपना दल (क) ने मासिक बैठक का किया आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**




मुरादाबाद। रविवार को अपना दल कमेरावादी संगठन की मण्डल कार्यालय गायत्री नगर लाइनपार में मासिक बैठक में पब्लिक स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी/अवैध वसूली व देशी शराब पर हो रही ओवर रेटिंग, तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों, धार्मिक व शिक्षण संस्थानों के आस-पास से शराब की दुकानें हटाने, प्रतिबंधित समय में शराब की बिक्री बंद कराने हेतु आंदोलन करने की रणनीति तैयार की गई, मासिक बैठक में मण्डल अध्यक्ष डॉ0 रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि जनपद में प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी और अवैध वसूली, तथा देशी शराब पर हो रही ओवर रेटिंग व प्रतिबंधित तथा समय में दुकान खुलने पर रोक लगाने, धार्मिक व शिक्षण संस्थानों के आस-पास से शराब की दुकानें हटाने हेतु कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन दिए गए, लेकिन आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है, तथा मुरादाबाद का प्रशासन पूरी तरह से फेल साबित हो रहा हैं। अब यदि शीघ्र ही कार्यवाही नहीं हुई तो अपना दल कमेरावादी के पदाधिकारी कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय मुरादाबाद पर अनिश्चितकालीन के लिये भूखं हड़ताल पर बैठेंगे। तथा यूपी के मुख्यमंत्री के मुरादाबाद आगमन पर ज्ञापन देंगे, व जनपद में जन जागरूक व हस्ताक्षर अभियान चला कर 51000 हस्ताक्षर कराकर प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को दिल्ली जाकर ज्ञापन सौंपेगे, अब किसी भी हाल में मुरादाबाद की जनता के साथ लूट-खसोट, अत्याचार एवं अन्याय नहीं होने देंगे। इस अवसर पर मासिक बैठक में ठाकुर मंजू राठौर, अंकित ठाकुर, आंचल कश्यप, राकेश श्रीवास्तव, सतेन्द्र सिंह, राहुल सागर, सोनू सिंह, बाबू खान, अजय सैनी आदि मौजूद रहे।

# मानसरोवर आवासीय योजना के कम्युनिटी सेंटर में होटल, बार और हुड़दंगं

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद। मानसरोवर योजना के कम्यूनिटी सेंटर में चल रहे होटल व बार से पीकर फुलटॉस होकर निकलने के बाद लोग आवासीय कॉलोनी की आती जाती महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं।

अक्सर लोगों से यह सुनने को मिलता है पूरे कुएं में भाग मिली हुई। मगर यहां तो पूरा कुआं ही भाग में डूबा हुआ है। हम बात कर रहे हैं मुरादाबाद की आवासीय कॉलोनी मानसरोवर योजना की जो कॉलोनी पूरी तरह से आवासीय है। मगर यहां के कम्युनिटी सेंटर में व्यावसायिक गतिविधियों को जहां अंजाम दिया जा रहा है, वहीं होटल और बार के साथ होने वाले हुड़दंग ने कॉलोनीवासियों का जीना मुहाल कर दिया है।

मुरादाबाद के दिल्ली रोड पर स्थित मानसरोवर योजना की बसाहट के दौरान यहां पार्क और कम्युनिटी सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया था। इस सुविधा को देखते हुए यहां पर लोगों ने पैसे इन्वेस्ट किया। जमीन खरीदी। भवन बनाए और रहना शुरू किया। मगर जब उनकी पार्क में घूमने और टहलने के साथ कम्यूनिटी सेंटर के उपयोग की बारी आई तब तक मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) के भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहर के एक बदनाम भू-माफिया को कम्युनिटी सेंटर और पार्क कुछ हजार रुपए महीने के किराए पर दे दिया। इसके बाद तो इस कम्युनिटी सेंटर को होटल और बार में तब्दील कर दिया गया।

रात-रात भर पीने वालों की जमती हैं महफिलें-अब रात-रात भर यहां पर पीने वालों की महफिले जमने लगीं है। जब महफिल जमती है तो उसके बाद हुड़दंग होना स्वाभाविक है। कई बार तो होटल व बार से निकलने वाले लोग आवासीय कालोनी के अंदर ही राहगीरों भिड़ जाते हैं, मानसरोवर योजना में जो लोग रह रहे हैं, उन्हीं से बदतमीजी करने लगते हैं।

महिलाओं पर कसते हैं फब्तिया-मानसरोवर योजना के कम्यूनिटी सेंटर में चल रहे होटल व बार से पीकर फुलटॉस होकर निकलने के बाद लोग आवासीय कॉलोनी की आती जाती महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं। इसको लेकर मारपीट और हाथापाई की नौबत हो चुकी है। शादी-ब्याह के सीजन हुड़दंग रोजना का किस्सा बन गया है। इस वजह से कॉलोनी के हजारों बाशिंदो में पुलिस प्रशासन के साथ ही एमडीए के अधिकारियों के जबरदस्त रोष व्याप्त है

एमडीए के नवागत उपाध्यक्ष अनुभव सिंह बताते हैं कि लीज की शर्तों को पढ़ा जाएगा और समझा जाएगा। फिर एक्शन लिया जाएगा। अब इस बात में कितनी सच्चाई है बेहतर तो वही बता सकते हैं।

# कोतवाली पुलिस ने चलाया ऑपरेशन वॉक थ्रू, अपराधों पर नियंत्रण के लिए किया लोगों से संपर्क

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद ।अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण रखकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शाहबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन वॉक थ्रू चलाया गया जिसके अंतर्गत प्रातःकाल टहलने जाने वाली नगर की जनता से संपर्क कर उन्हें अपराधों पर नियंत्रण के लिए कुछ टिप्स दिए गए और सहयोग की अपेक्षा भी की गई। आपको बता दे कि ऑपरेशन वॉकथ्रू एक प्रकार की प्रशिक्षण विधि है जिसमें किसी विशेष कार्य या परियोजना को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई जाती है और उन चरणों को पूरा करने के लिए आवश्यक कदमों को निर्धारित किया जाता है इस ऑपरेशन से प्रशासन को अपने लक्ष्यों को अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने में भी मदद मिलती है और लोगों को भी शांतमय माहौल प्राप्त होता है।

# भाजपा द्वारा अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताबदी स्मृति जयंती अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**



मुरादाबाद।भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशतावदी स्मृति जयंती को महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय अभियान के रूप में

मनाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर के संयुक्त तत्वाधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताबदी स्मृति जयंती को महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय अभियान के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है इसी अभियान के अंतर्गत महानगर कार्यालय बुद्धि विहार पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशतावदी स्मृति जयंती कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर शामिल रही । सर्वप्रथम मुख्य अतिथि हरजिंदर कौर ने महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। तदोपरांत वन्देमातरम गायन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर ने कहा कि भाजपा ने महान वीरांगना एवं कुशल शासक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताबदी जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। मुख्य अतिथि हरजिंदर कौर ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला । और उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर ने केदारनाथ से रामेश्वरम, द्वारिका से गया तक सांस्कृतिक विरासतों का पुनः जीणोर्धार व लोकसेवा के समानांतर कार्य किये युद्ध के मैदान में मुगल आक्रामण कताओं के दांत खट्टे किये। 70 सालों में जिन सरकारों ने देश पर राज किया उन्होंने इस महान वीरांगना का कहीं जिक्र नहीं किया ।

उन्होंने बताया भारतीय जनता पार्टी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी के इस अवसर पर निर्णय लिया कि उनकी जयंती को महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया जाए जिसके तहत देश के सभी राज्यों में महिला सम्मेलन,युवा सम्मेलन ओर छात्र सम्मेलन जैसे जनसंवाद के प्रेरणात्मक कार्यक्रम जिला,महानगर एवं मंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे भाजपा ने प्रदेश स्तर पर कार्यशालाओ का आयोजन किया है उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर सिर्फ एक रानी ही नहीं थी बल्कि न्याय करुणा और सामाजिक दायित्व की जीवंत प्रतिमूर्ति थी ।

# नियमों की नहीं,रिश्तों की चली कलम, शिक्षा विभाग में बुलेरो घोटाला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**



मुरादाबाद । जिले में जिला विद्यालय निरीक्षक (उक्कड़र) देवेंद्र कुमार पांडेय द्वारा विभागीय कार्यों में एक चपरासी की निजी बुलेरो गाड़ी का इस्तेमाल करवाने का मामला सामने आया है।

कलम से जो तालीम का नक़्शा खींचते हैं,आज वही कुर्सियों पर बैठ कर सियासत सींचते हैं। ये कहावत शिक्षा विभाग के तैनात के अधिकारी पर बिल्कुल सटीक बैठती है।जिस शिक्षा विभाग पर देश की भावी पीढ़ियों को गढ़ने की जिम्मेदारी है, उसी विभाग से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने उसकी साख पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। मुरादाबाद जिले में जिला विद्यालय निरीक्षक (उक्कड़र) देवेंद्र कुमार पांडेय द्वारा विभागीय कार्यों में एक चपरासी की निजी बुलेरो गाड़ी का इस्तेमाल करवाने का मामला सामने आया है, जिला विद्यालय निरीक्षक ने यह बिना किसी प्रक्रिया,टेंडर या सरकारी स्वीकृति के कार्यालय में तैनात चपरासी पर अपनी मेहरबानी लुटाई है।


सूत्रों के अनुसार, विभाग में वाहन की आवश्यकता थी, लेकिन नियमानुसार टेंडर आमंत्रित करने की बजाय सीधे कार्यालय के चपरासी की निजी गाड़ी को विभागीय उपयोग में लगा दिया गया। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि पद का दुरुपयोग और सत्ता के दायरे में अपनों को अनुचित लाभ पहुंचाने का उदाहरण भी है। नियमों को ताक पर रखा गया और चुपचाप चपरासी की गाड़ी सरकारी बन गई

इस प्रकरण में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि एक चपरासी के पास इतनी महंगी गाड़ी कैसे? क्या उसका आय स्त्रोत विभाग के समक्ष घोषित है? क्या संपत्ति विवरण की जांच हुई? यह महज एक वाहन का मामला नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह है।

चपरासी की बुलेरो पर उठे सवाल,उसके पीछे छिपा है पूरा जाल- यह मामला शिक्षा विभाग जैसी संवेदनशील संस्था के नियमों को नकारने और रिश्तों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति को उजागर करता है। जब विभाग के उच्च अधिकारी स्वयं नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो फिर अधीनस्थ कर्मचारियों से क्या अपेक्षा की जा सकती है ?विभागीय सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले को लेकर अब उच्च स्तर पर जांच की मांग की जा रही है। यदि शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह प्रकरण एक खतरनाक मिसाल बन सकता है, जहाँ सरकारी प्रक्रियाओं को नकार कर निजी संपर्कों और लाभ को प्राथमिकता दी जाएगी।

# डॉग पालना होगा महंगा, रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 गुना बढ़ोतरी की तैयारी

**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**



बरेली। नगर निमग क्षेत्र में कुत्ते पालने के शौकीन लोगों पर आर्थिक भार बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम ने छोटे कुत्तों के पंजीकरण शुल्क 10 रुपये बढ़ाकर 500 रुपये करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं, बड़े कुत्तों के लिए भी पंजीकरण शुल्क की दरें नए सिरे से लागू की जाएंगी।

अभी तक छोटे और बड़े कुत्तों का पंजीकरण कराने के लिए शुल्क 10 रुपये ही है। मगर, आने वाले दिनों में इसमें बढ़ोत्तरी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब छोटे और बड़े कुत्तों के लिए अलग-अलग पंजीकरण शुल्क तय किया जाएगा।

नगर निगम की ओर से शासन को इसके लिए प्रस्ताव भी भेज दिया है। इसमें छोटे कुत्तों के लिए पंजीकरण शुल्क में 50 गुना की बढ़ोत्तरी की गई है। प्रस्ताव मंजूर होने के बाद छोटे कुत्तों के पंजीकरण के लिए 10 रुपये के स्थान पर 500 रुपये देने होंगे। वहीं, बड़े कुत्तों के लिए दस रुपये की जगह साल में एक हजार रुपये पंजीकरण शुल्क प्रस्तावित किया गया है।

# महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर 21 से 31 मई तक जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**




बरेली। भारतीय जनता पार्टी जिला बरेली के द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान की जिला कार्यशाला सिविल लाइन्स भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह रहें। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा पदाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, चैयरमैन उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती को भारतीय जनता पार्टी भव्य तरीके से मनाएगी। उसके लिए 21मई से 31मई तक जिले में स्मृति अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर जी को धर्म, न्याय और राष्ट्र धर्म का सजीव स्वरूप बताया। उन्होंने कहा कि वह सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थी, उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम तक देश के अनेक तीर्थस्थलों का पुनरोधार कराया वह भारतीय इतिहास का अद्वितिय अध्याय है। उन्होंने कहा धर्म रक्षति रक्षिताः के वैदिक उदघोष को न केवल जिया बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया जब विदेशी आक्रांता मंदिरों को ध्वस्त कर रहे थे तब अहिल्याबाई जी ने बिना भय व राजनीतिक समर्थन के उत्तर से दक्षिण को पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य किया। आज का भव्य काशी विश्वनाथ धाम उसी मंदिर का स्वरूप है जिसे अहिल्याबाई ने अपने संसाधनों से वर्ष 1777 से 1780 के बीच बनवाया था हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित हो जाना चाहिए।

# ललितपुर में हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर शहर के प्रबुद्ध समाज और विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं, समाज सेवी संस्थाओं, अखाड़ों ,सन्त महापुरुषों आदि के द्वारा आज ललितपुर में भारतीय सेना के अपूर्व शौर्य और आपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शोर्य, पराक्रम का यशोगान कर और भारत माता की जय, वीर भारतीय सेना के जयघोष के साथ भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के संगठन महामंत्री धर्मपाल ने तुवन मंदिर प्रांगण से तिरंगा यात्रा की शुरुआत की ।

इस अवसर पर यह यात्रा तुवन मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर, कोतवाली, कम्पनी बाग, तहसील तिराहा, घंटाघर, सावरकर चौक, अटा मंदिर, कारसदेव मंदिर, नामदेव मंदिर होकर बापिस तुवन मंदिर पर समापन हुई। इस तिरंगा यात्रा में ललितपुर के प्रबुद्ध समाज के लोग चिकित्सक, अभियंता, अधिवक्ता, लेखक, कवि, पत्रकार, किसान, मजदूर के अलावा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों ने सहभागिता की।धर्मपाल सिंह ने कहा कि शान से फहराता तिरंगा आज विश्व को भारत की सामरिक शक्ति से परिचित करा रहा है और देश के वीर जवानों का मुक्ताकाश में जयगान कर रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रभारी पं सुरेश अवस्थी एवं जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत और जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने संयुक्त रूप से किया एवं अन्त में आभार कार्यक्रम संयोजक महेश श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री धर्मपाल जी, जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला प्रभारी पं सुरेश अवस्थी, कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा अनिल कुमार



यादव, सन्तगण महंत तुवन सरकार रामलखन दास जी, महंत नृसिंह मंदिर गंगा दास जी महाराज, महंत श्री चंडी मन्दिर चन्द्रेश्वर? गिरि महाराज, श्रमसेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार मोंटी भैया, पूर्व सैनिक गण केप्टन आलोक कौशिक, हवलदार एस पी सिंह, रामकिशोर तोमर, हवलदार महेंद्र सिंह, हवलदार तिलक सिंह, सूबेदार अनिल शर्मा, बीरेंद्र परिहार, लोकेन्द्र पाल, एस एस प्रकाश, लांसनायक रामकुमार, एस एम दयाराम राजपूत, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, कार्यक्रम संयोजक महेश श्रीवास्तव भैया, पूर्व जिला अध्यक्ष क्रमशः प्रदीप चौबे, जगदीश सिंह लोधी एड, हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया, क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी, कार्यक्रम के सहसंयोजक गण डा दीपक चौबे गौरव चौधरी, लक्ष्मी रावत, सानू बाबा, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष महेन्द्र मयूर, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेश बडेरा जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास, बलराम सिंह लोधी, होटल व्यवसाई देवेन्द्र चतुर्वेदी, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष अशोक कुमार अनोरा, मुक्ति संस्था के अध्यक्ष अज्जू बाबा, वृद्धा आश्रम सलाहकार प्रभाकर शर्मा, राजा राम व्यायाम शाला के सन्तोष गुरु भारत विकास परिषद से सुबोध शर्मा, डा संजीव कड़की, वीर व्यायाम शाला से नरेंद्र कड़की पहलवान, पतंजलि से अरविंद जैन, सक्षम से अक्षय अलया, पाल समाज के ई बी के पाल, प्रमुख चिकित्सक डा राजकुमार जैन, डा एस पी पाठक, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला उपाध्यक्ष आशीष रावत, हरी सिंह बुंदेला, किरण सेन, बसंती लारिया, धर्मेन्द्र पाठक, क्षेत्रीय पदाधिकारी गौरव गौतम, हरीराम राजपूत, घासीराम सहरिया, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर, पूर्व नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, निखिल तिवारी, कौस्तुभ चौबे, दिनेश गोस्वामी एड, राजेश लिटौरिया, रजऊ राजा मैगुंवा, दिग्विजय सिंह मोंटी भैया, अनुपम चौबे, गन्धर्व सिंह लोधी , सुदामा प्रसाद दुबे, हरीराम राजपूत, हरिओम निरंजन, ध्रुव सिंह सिसौदिया, रुपेश साहू, दीपक पाराशर, शशिशेखर पांडेय, अनुज शर्मा, शिवम पाराशर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अजय पटैरिया एवं? पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक रावत, सुरेश प्रकाश कोंते, सुरेश टेंटे, डा तेजस्व श्रीवास्तव सहित स्काउट गाइड के छात्र, विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं के सदस्य, भारतीय जनता पार्टी के मोर्चा, मण्डल अध्यक्ष गण, विभिन्न सन्त ,आदि उपस्थित रहे।

# तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी लोगों की फरियाद

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
ललितपुर। मडावरा (ललितपुर)। तहसील मडावरा में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार ने लोगों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में सभी विभागों से आये 8 प्रार्थना पत्र आये, जिनमें राजस्व 04, विकास 01, पुलिस 02, विद्युत विभाग से 01 शामिल है। प्राप्त हुये आठ प्रार्थना पत्रों में एक का मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष सात प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को सौंपकर समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में सभी विभागों से तहसील क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी एवं तहसील क्षेत्र के थाना से पुलिस स्टॉफ मौजूद रहे।

# पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधन दिवस ने जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक ने सुनी समस्याएं

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर। पाली-घटवार मार्ग के चौड़ीकरण , कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण एवं बरेली बस सेवा की सुचारू व्यवस्था हो इसके लिए नगर पंचायत के सभी पार्षदों ने तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी ललितपुर को अलग - अलग ज्ञापन सौपकर अपनी मांग रखी । फायर स्टेशन की मांग को लेकर पहुंचे जिलाधिकारी ने बताया कि शाषन से पाली में फायर स्टेशन के लिए स्वीकृति मिल चुकी और जल्द ही इसका निर्माण होगा ।

नगर पंचायत पाली में दस वार्ड है । दसों वार्ड के पार्षदों ने तहसील दिवस में ज्ञापन देकर अपनी मांग रखी । बताया कि राजमढ़ मार्ग पर बिजली घर के पास सालों से फायर स्टेशन के लिए भूमि चिन्हित है , जिस पर जल्द फायर स्टेशन का निर्माण हो ताकि कस्बे एवं आसपास क्षेत्र में होने वाली अप्रिय आगजनी घटनाओं पर समय से काबू पाया जा सके । इतना ही नहीं पाली में बड़े पैमाने पर पान की खेती होती है । पान वरेजे मुख्यता घास - फूस , लकड़ी बल्ली से तैयार होते है । पूर्व में हुई आगजनी की बड़ी घटनाओं से पान किसान बड़े प्रभावित हुए है और यहां से बड़ी संख्या में पलायन भी कर गए । ऐसे में पाली में फायर स्टेशन का निर्माण बहुत जरूरी है। वहीं दूसरे ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पर्यटन एवं आस्था की बड़ी धरोहर के रुप में यहां भगवान भोलेनाथ का श्री नीलकंठेश्वर मंदिर , श्री नरसिंह प्रतिमा , प्राचीन मंदिरों की दूधई नगरी , च्यवन जलप्रपात , बालाबेहट किला है । जिसके चलते यहां सैलानियों का बड़ा आना जाना बना रहता है । जिला मुख्यालय से जुड़ने के लिए पाली - घटवार मार्ग सबसे कम दूरी वाला रास्ता है । सिंगल सड़क होने के चलते यहां आवागमन में बड़ी असुविधा होती है तो बरसात में तो यह सड़क लोगों के लिए बिल्कुल भी आसान नहीं होती है । आवाजाही सुरक्षित हो इसके लिए पाली - घटवार मार्ग के चौड़ी करण की मांग रखी है । तहसील दिवस में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार चौरसिया ने पाली से बरेली के लिए बस की मांग रखी है ।

# गर्भवती महिलाओं पर पड़ रहा गर्मी का असर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
मथुरा। इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट से आमजन परेशान हैं। तापमान दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, शनिवार को जिले में तापमान 44 डिग्री से भी अधिक दर्ज किया गया। शनिवार को जिला महिला अस्पताल में अलग-अलग बीमारी से ग्रसित महिलाएं चिकित्सक को दिखाने के लाइन में खड़ी थीं। महिला अस्पताल की ओपीडी में गर्भवती महिलाओं पर चिलचिलाती गर्मी असर डाल रही है। अस्पताल के स्त्री रोग विभाग की ओपीडी डेढ़ बजे तक 300 के पार पहुंच चुकी थी। स्त्री रोग



विशेषज्ञ डॉ. अनुभा अग्रवाल ने बताया कि गर्मी पड़ने से गर्भवती महिलाओं के शरीर का तापमान बढ़ जाता है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बना रहता है। अत्यधिक गर्मी गर्भावस्था की अवधि को कम कर सकती है। उन्होंने बताया कि गर्भ में रखते हुए गर्म तापमान के संपर्क में आने वाले बच्चों में जन्म के समय समस्याओं का जोखिम बढ़ने की संभावनाएं रहती है। गर्मी से होने वाले जोखिम को कम करने के लिए खूब पानी पिएं जिससे शरीर डिहाइड्रेट रहे, एसी, कूलर या पंखे में रहे। ढीले और हल्के कपड़े पहने। यदि आपको हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

# जनपद के नये एएसपी बनाए गये पीपीएस अफसर कालू सिंह

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
ललितपुर। एएसपी अनिल कुमार का स्थानान्तरण सोनभद्र कर दिया गया है। अब उनके स्थान पर सोनभद्र में तैनात रहे कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक होंगे। जुलाई 2022 में ललितपुर में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात किये गये अनिल कुमार द्वितीय का शासन स्तर से स्थानान्तरण कर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सोनभद्र कर दिया गया है। 2 वर्ष 10 महीने के कार्यकाल में एएसपी अनिल कुमार ने जिले में कई उपलब्धियां हांसिल कीं। वर्तमान में एसपी मो. मुश्ताक



के निर्देशन में वह कार्यरत थे। नवांगतुक एएसपी कालू सिंह के बारे में बताया जा रहा है कि वह वर्ष 2005 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं और गणित विषय में एमएससी की शिक्षा ग्रहण की है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

# मथुरा वृंदावन में विकास प्राधिकरण से स्वीकृत मैप के विपरीत निर्माण करने वाले 6 भवन स्वामियों की आई आफत

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
मथुरा। मथुरा वृंदावन महानगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव ने शनिवार को निरीक्षण के दौरान बड़ी कार्यवाही करते हुए मानचित्र स्वीकृति के विपरीत निर्माण करने वाले छह भवन स्वामियों के खिलाफ



कार्रवाई के आदेश देते हुए क्षेत्रीय अवर अभियंता के खिलाफ स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया हैं। विकास प्राधिकरण सचिव अरविंद द्विवेदी ने वृंदावन के रुकमणि विहार आवासीय योजना एवं राधापुरम स्टेट कॉलोनी अंतर्गत बन रही कई निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया जिसमें रुक्मिणी विहार आवासीय योजना एवं राधापुरम स्टेट कालोनी अंतर्गत बन रही निर्माणाधीन बिल्डिंग्स का मौके पर स्वीकृत मानचित्र के अनुसार मिलान किया। मिलान में 6 भवनों में मानचित्र के विपरीत निर्माण होता पाया गया। ये बिल्डिंग्स आर सी गोयल, नीलम गोयल, प्रदीप पांडेय एवं राहुल अग्रवाल द्वारा बनाई जा रही है। सचिव श्री द्विवेदी ने अवर अभियंता को तत्काल निर्माण कार्य बंद कराये जाने एवं उ.प्र.नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 अंतर्गत नोटिस निर्गत किए जाने के निर्देश दिए । अवर अभियंता दिनेश गुप्ता व सुनील राजोरिया को इस लापरवाही के लिए स्पष्टीकरण भी जारी किया गया। सचिव अरविंद द्विवेदी ने बताया की यदि पुनः मौके पर निर्माण होता पाया गया तो सीलिंग की कार्रवाई की जायेगी।

# झूठे मुकदमों से बचें, साइबर क्राइम से सावधान रहें

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
मथुरा। ऑपरेशन जागृति फेज-4 के समापन समारोह में शनिवार को विभिन्न जनपदों की छात्राओं ने घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और नशा मुक्ति के लिए नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया। साथ ही झूठे मुकदमों से बचने और साइबर क्राइम से सावधान रहने की सभी को शपथ दिलाई। अलीगढ़ व आगरा जोन के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। यह समारोह डैंपियर नगर स्थित पांचजन्य पेक्षागृह में आयोजित किया गया। इसमें सेवानिवृत्त आईपीएस मंजरी जारुहर मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि वह 1976 में बिहार कैडर की प्रथम महिला आईपीएस रही हैं। उन्होंने ऑपरेशन जागृति फेज-4 की प्रशंसा की। इसके बाद मथुरा, मैनपुरी समेत अन्य जनपदों से आई छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सभी को घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया। इसके अलावा आगरा जोन एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, अलीगढ़ मंडल डीआईजी प्रभाकर चौधरी समेत अन्य अधिकारियों ने साइबर अपराध, महिलाओं की आड़ में झूठा मुकदमा दर्ज करना, लव रिलेशनशिप और पारिवारिक विघटन से संबंधित बचने के सुझाव दिए। इसके अलावा ऑपरेशन जागृति में सहयोग करने वाले विभिन्न विभागों के 36 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अलीगढ़, फिरोजाबाद, एटा, मैनपुरी और कासगंज समेत विभिन्न जनपदों के एसएसपी व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
मथुरा। परिवहन विभाग और परिवहन निगम द्वारा डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को एआरटीओ राजेश राजपूत और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा ने गोवर्धन चौराहे के पास से 6 बड़ी बसें सीज कीं। उन्होंने कहा कि लगातार डग्गामार बसों के स्टाफ द्वारा यात्रियों से अधिक किराए के शिकायत मिल रही थी। जिसको लेकर अभियान चलाया गया। एआरएम ने



कहा कि डग्गामार बस से रोडवेज बसों को यात्री नहीं मिल रहे थे।

अब बिना मानकों के सड़कों पर दौड़ रही बसों पर कार्रवाई हुई तो यात्रियों को राहत मिली। नए बस स्टैंड स्टेशन अधीक्षक संतोष अग्रवाल ने बताया कि यह डग्गामार बस आगरा से मथुरा होते हुए जयपुर तक संचालित होती थी। इन बसों पर 1.29 लाख का जुर्माना भी लगाया गया।

# बीटेक डिग्रीधारकों के जिम्मे होगी विद्यालयों की कंप्यूटर शिक्षा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
मथुरा। प्रोजेक्टर प्रवीण योजना के तहत राजकीय विद्यालयों के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने की जिम्मेदारी अब बीटेक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) करने वालों के जिम्मे होगी। इस निर्णय के बाद अब बीटेक पास युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिले के 36 राजकीय विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अभी तक इन विद्यालयों में विद्यालय स्टाफ ही सामान्य कंप्यूटर की शिक्षा पढ़ा रहे थे। अब इन विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कंप्यूटर का पूरा ज्ञान मिलेगा। विद्यालयों में प्रोजेक्टर प्रवीण योजना के तहत कंप्यूटर की शिक्षा दी जाएगी। नए सत्र में जुलाई से कंप्यूटर कक्षाओं का संचालन करने की तैयारी में विभाग लगा हुआ है। इस बार बीटेक पास युवा बेरोजगार



कंप्यूटर की शिक्षा देंगे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभी तक यह योजना कौशल विकास मिशन की ओर से संचालित की जा रही है। अब इसका दायरा बढ़ाया जाएगा। विभाग अपने स्तर से कंप्यूटर की कक्षाओं का संचालन कराएगा। फिलहाल अभी इस संबंध में निर्देश नहीं मिला है। लेकिन, शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित बैठकों आदि में चर्चा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जहां 45 से अधिक विद्यार्थी कंप्यूटर पढ़ने के लिए तैयार होंगे। वहां कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। इन केंद्रों में भी बीटेक करने वाले युवाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। वह बच्चों को कंप्यूटर की बेहतर शिक्षा बच्चों को दे पाएंगे। रवींद्र सिंह, डीआईओएस ने कहा, राजकीय स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा देने की तैयारी हैं। इनमें बीटेक पास युवाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। अभी इसके लिए निर्देश आना बाकी है।

# श्रीमद्भागवत कथा में छटें दिन कृष्ण और रुक्मणी विवाह प्रसंग,सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर। गांधीनगर नगर द्वितीय वार्ड 4 नेशनल कानवेंट स्कूल के समीप चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन महामंडलेश्वर अमरदास जी महाराज ने महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। मुख्य यजमान पार्षद पुष्पा अरविन्द राजा ने श्रीमद् भागवत कथा की मंगल आरती उतारी।

वहीं श्री तुवन मंदिर के महंत राम लखन दास महाराज, महामंडलेश्वर हनुमानधारा मंदिर एवं बड़ा मंदिर बीना राधामोहन दास महाराज श्री चंडी मंदिर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर चंदेश्वरगिरि महाराज, शकुंतला राम रतन कुशवाहा, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने कथा में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायी।



महामंडलेश्वर अमरदास जी महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है।

रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान इस मौके पर कथा आचार्य अटल दुबे, अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह बुंदेला, मंत्री राकेश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिनेश पाठक, मुख्य यजमान पार्षद पुष्पा अरविंद राजा, राजीव कटारे, पुजारी अवध बिहारी उपाध्याय, बृजभूषण कटारे, हरीनारायण चौबे, अवध बिहारी उपाध्याय, कमलेश शास्त्री, अक्षय वोहरे, अशोक श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, राजीव गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह बुंदेला, मनीष श्रीवास्तव, भरत दुबे दिनेश पाठक, अशोक श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, राजेश दुबे जिला शासकीय अधिवक्ता, राकेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, पत्रकार विनीत चतुर्वेदी, ललित रावत, मनोज पस्तोर, विजय मिश्र, बसंती दुबे, रमाकांत दुबे, जगदीश पाठक, नरेंद्र चोबे, हेमंत नायक ऐरा, आशीष सिंह, डा चन्दन पाल, मोनू श्रीवास्तव, अध्यांश बुंदेला, अटल दुबे, अनिल कौशिक, पंकज श्रीवास्तव, मंजू वैध आदि मौजूद रहे। वहीं कथा के अंत में दीपक मिश्रा, राजा जी एवं आदित्य शर्मा के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

# खोड़समा में सफाई व्यवस्था ठप, गलियों में कीचड़

**नेशनल प्रेस टाइम्स। ब्यूरो**

चौसाना क्षेत्र के खोड़समा गांव में सफाई कर्मचारी के नहीं होने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। बजबजाती नालियों और दुर्गंध के कारण ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण गांव में भारी गंदगी फैल चुकी है, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। गांव के ही राजकुमार, मास्टर मोहरसिंह, अरविंद कुमार, सोनू, शमशाद और राहुल कुमार ने बताया कि तीन महीने पहले तक गांव में एक सफाई कर्मचारी तैनात था, जो नियमित रूप से गलियों की सफाई करता था।



बीते तीन-चार महीनों से उसे गांव में देखा तक नहीं गया। अब हाल यह है कि गलियों में निकलना मुश्किल हो गया है। कूड़े के ढेरों से बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय के पास भी कूड़े का अंबार लग चुका है, जिससे बच्चों का स्कूल आना जाना भी दूभर हो गया है। पशुओं के बांधने की जगह भी कूड़े से पटी पड़ी है। इस संबंध में ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि गांव का सफाई कर्मचारी पिछले तीन महीने से कहीं और अटैच कर दिया गया है।

**कई बार खंड विकास अधिकारी**

ऊन को इसकी सूचना दी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा कि वे एक-दो दिन में जिलाधिकारी शामली से मिलकर गांव में सफाई कर्मचारी की दोबारा तैनाती की मांग करेंगे।

# स्मैक तस्करी में लिप्त महिला समेत दो गिरफ्तार, 22 ग्राम स्मैक व 12,700 रुपये नकद बरामद

**नेशनल प्रेस टाइम्स। ब्यूरो**

चौसाना। रविवार में पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है।जिजौला निवासी एक युवक और एक महिला को स्मैक तस्करी में गिरफ्तार कर 22 ग्राम अवैध स्मैक व 12,700 रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 17/18 मई की रात्रि को थाना झिंझाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जिजौला निवासी मुसब्बर पुत्र रुस्तम को 11.5 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह यह स्मैक ग्राम जिजौला की ही रहने वाली अनीसा पत्नी इसराईल से खरीदकर लाया था।

पुलिस ने रविवार को अनीसा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 10.5 ग्राम अवैध स्मैक तथा स्मैक बिक्री से प्राप्त 12,700 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा का कहना है कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस काले कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# गंदगी से कराहती गलियां, न नाला न निकासी, ग्रामीण बेहाल

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

चौसाना? चौसाना कस्बे की गलियों में फैली गंदगी और जलभराव ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। हालात यह हैं कि मदरसे के पास वाली गली में बच्चों को भी स्कूल (मदरसे) आने-जाने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो प्रधान सुनते हैं और न ही सचिव कोई ध्यान देते हैं।

यह गली बिजलीघर के पास मदरसे के नजदीक स्थित है, जहां साबिर के घर के सामने कीचड़ और बदबू से पूरा इलाका परेशान है। यहां नाले की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे गंदा पानी महीनों तक जमा रहता है। आसपास के लोग जैसे सत्तार, इकराम, शौकत, रिफाकत, भूरा, अकरम, अयूब, रईस, गुल मोहम्मद, साकिब, अहसान, दिलशाद, नौशाद, इमरान आदि ने बताया कि गंदगी से निकल पाना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है, ₹ना प्रधान सुनते हैं, ना सचिव, अब हम जाएं तो जाएं कहां? बीमारी फैल रही है, बच्चों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

इसी तरह की समस्या खलीला मस्जिद के पास खेड़की रोड पर भी बनी हुई है। यहां भी गलियों में हमेशा पानी भरा रहता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीण सुफयान, अयूब, यामिन, आशू, यासिन, इकराम, महबूब, मुरसलीन, इमरान, शाहिद, साजिश, अकरम आदि ने बताया कि सालों से गलियों की सफाई नहीं हुई है। ₹मच्छरों ने जीना हराम कर रखा है,



हर समय बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है, लेकिन आज तक किसी ने सुध नहीं ली।

गांव के सददाम , मोमीन, याकूब का आरोप है कि केवल कागजों पर काम होता है, धरातल पर कोई भी सुविधा नजर नहीं आती। बरसात के दिनों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब गलियों में जलभराव के साथ गंदगी बदबू फैलाती है और कीचड़ में फिसलकर गिरने की घटनाएं आम हो जाती हैं।

सचिव राहुल कुमार बताया, ₹मदरसे वाली गली की गंदगी की जानकारी हमें है। वहां पानी निकासी के लिए लेखपाल को प्रस्ताव भेजा गया है, जल्द ही वहां नाला निर्माण कराया जाएगा। वहीं खलीला मस्जिद के पास वाली गली की सफाई के लिए कल ही सफाईकर्मियों को लगाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। ब्लॉक के गांव भारसी में खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल का सदस्या अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम के दौरान खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है,इससे कार्यकताओं में नया जोश और नई ऊर्जा का संचार होगा।ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी ने दिया है जिसके तहत गांव गांव जाकर सदस्य बनाए जा रहे हैं।प्रदेश महासचिव अरविंद पंवार ने कहा कि हम सब चरणसिंह वादी है। चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को लेकर गांव गांव जा रहे हैं। चौधरी साहब के अनुयायियों को एकत्रित कर रहे हैं।वरिष्ठ नेता डॉ साहब सिंह ने कहा कि आप सभी को तन, मन,धन से पार्टी के लिए समर्पित होना पड़ेगा।तभी हम 2027 फतेह करेंगे।

इस दौरान खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शामली विनोद प्रधान, बिजेन्द्र मलिक किवाना, जयकुमार जावला,गौतम पवार,विनोद नाला,महेंद्र सिंह,पप्पू पंवार,जगपाल बाबा,बाबूराम, चौ चौहर सिंह,परमेंद्र भाभीषा,यशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रंगदारी मांगने वाले बदमाश को पुलिस मुठभेड के बाद गिरफ्तार



**नेशनल प्रेस टाइम्स। ब्यूरो**

शामली। एसओजी टीम व शहर कोतवाली पुलिस की सुयंक्त कार्यवाही में मोबाईल व्यापारी को चिटठी भेजकर 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले बदमाश को पुलिस मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पकडा गया बदमाश 25 हजार रुपए का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जिसके पास से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस व चोरी की बाईक बरामद की गई है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला ब्राहमणान निवासी दीपक बंसल व सुमित बंसल पुत्रगण स्व अरूण कुमार बंसल की फव्वारा चौक स्थित प्रिया मोबाईल की दुकान पर गत 12 मई को बदमाशों को रंगदारी की चिटठी भेजकर 20 लाख रुपए की मांग की थी। यही नही 15 मई को एक बार फिर बदमाश ने दुस्साहस दिखाते हुए पुलिस को रंगदारी की चिटठी भेजकर खुद को कुर्बान गैंग कां सदस्य बताते हुए कहा था कि मै महताब हूँ और जल्दी 20 लाख की रंगदारी न देने पर बच्चों और व्यापारी को जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के अनावरण के लिए एसपी ने चार टीमों का गठन कर जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया था। रविवार को एसओजी टीम व शहर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए व्यापारी से 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले बदमाश को मेरठ रोड स्थित लिसाढ के जंगल से मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया।

25 हजार रुपये के ईनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश्स महताब पुत्र अब्बास निवासी ग्राम सोंटा रसूलपुर के पैर में गोली लगी है। पकडे गए बदमाश के पास से एक तमंचा मय 2 खोखा व 3 जिंदा कारतूस 315 बोर व एक बाईक बिना नम्बर प्लेट बरामद हुई है। घायल बदमाश को सीएचसी शामली में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार पकडा गया अभियुक्त महताब थाना थानाभवन का प्रचलित हिस्ट्रीशीटर अपराधी है तथा कुर्बान गैंग का सक्रिय सदस्य है।

# ग्रामीण क्षेत्र में छुपी प्रतिभाओं को आगे आने का मिलेगा मौकाः संजीव चौधरी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। क्षेत्र के गांव गढीश्याम में चयनित यूपी पुलिस के अभ्यर्थियों के सम्मान में गांव में पूर्व प्रधान के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनका हौसला अफजाई की। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।



रविवार को क्षेत्र के गांव गढीश्याम के प्राइमरी पाठशाला में एक सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व प्रधान संजीव चौधरी के द्वारा किया गया। सम्मान समारोह में पिछले दिनों यूपी पुलिस के आए परीक्षा परिणाम में गांव गढीश्याम के आठ छात्रों ने उक्त परीक्षा को उत्तीर्ण किया था। जिसमें अमित कुमार, राहुल कुमार, अंकुर चौहान, अंशुल चौहान, कुलदीप चौहान, श्याम, सागर व शादाब के द्वारा उक्त परीक्षा को पास कर अपना चयन सुनिश्चित किया था। रविवार को सम्मान समारोह में पूर्व प्रधान संजीव चौधरी ने कहा कि यह हमारी ग्राम पंचायत के लिए बहुत हर्ष का विषय है कि एक ही गांव से आठ बच्चों का चयन यूपी पुलिस में हुआ है। यह इन बच्चों की लगन, कठोर परिश्रम व जज्बे के कारण सम्भव हो पाया है, इन सभी छात्रों के द्वारा अपने कठोर परिश्रम के कारण क्षेत्र में ग्राम पंचायत गंगेरू का नाम भी फख्र के साथ पूरे जनपद में ऊंचा किया है। इन सभी बच्चों के साथ - साथ इनके माता पिता भी बराबर के हिस्सेदार है। जिनके कारण ही यह सब संभव हो पाया है, ओर आने वाले समय में यह क्षेत्र के अन्य नौजवानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगें ओर ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। इस दौरान अमित चौहान डायरेक्टर आयुष्मान हॉस्पिटल कैराना ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के बिना जीवन बेकार है, सभी अपनों बच्चों को उच्च शिक्षा देकर उन्हें देश सेवा में आगे आने के लिए प्रेरित करें। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चें हर क्षेत्र में जाकर अपना लोहा मनवा रहे है। इस दौरान सभी आठों चयनित अभ्यर्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभा में संजीव फौजी, बाबा धूम सिंह, बाबा बीजा, मास्टर राजेश, विनय कुमार, वाजिद, चौधरी फाजिल, नीरज चौहान, मा ओमवीर सिंह, तेज सिंह आर्य के साथ दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गर्म लू और तेज धूप में सड़कों पर उतरी कांधला पुलिस

कांधला।थाना प्रभारी निरीक्षक ने सुरक्षा की दृष्टि से नगर में फ्लैग मार्च निकाल कर व्यापारियों से बात कर उनकी समस्याओं को जानकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस के द्वारा किए गए फ्लैग मार्च से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा। रविवार की दोपहर नगर में थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकला। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नगर में फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना था, साथ ही आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करना था। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित की। खासकर ऐसे इलाकों में जहां पहले भी कानून व्यवस्था के मुद्दे रहे हों, पुलिस ने महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों जैसे कि सरकारी कार्यालयों, बैंकों और सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित की फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने जनता के साथ संवाद स्थापित किया और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

# अधिकारियों को गुमराह कर दबंग भूमाफिया कर रहा किसान को परेशान

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

कांधला। भूमाफिया के द्वारा पडोसी किसान की जमीन को हडपने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हुए झूठे शिकायती पत्र देकर मानसिक रूप से उत्पीडन करने का आरोप लगाते हुए एक किसान ने मुख्य सचिव व डीजीपी आदि को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

नगर के मौहल्ला शेखजादगान निवासी किसान जितेन्द्र कुमार ने मुख्य सचिव व डीजीपी लखनऊ को शिकायती पत्र भेजते हुए बताया कि उसके पिता सुरेश कुमार के द्वारा नगर के कांधला उत्तरी में खसरा नंबर 1152म/1 का कुल रकबा 10.6650 है0 है, जिसमें से लगभग 40 बीद्या कृषक भूमि उपके पिता सुरेश कुमार के द्वारा वर्ष 2001 से 2007 में क्रय की थी, जिसके मूल बैनामें किसान के पास उपलब्ध है, और पीडित किसान व उसका परिवार तभी से उपरोक्त भूमि पर काबिज है तथा उस भूमि पर कृषि कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। आरोप है कि विपक्षीगण राजेन्द्र सिंह ने प्रार्थी की भूमि के पीछे की तरफ झगडे की एक भूमि वर्ष 2011 में क्रय की थी, जिसकी चारदीवारी विपक्षी के द्वारा तभी करा दी गई थी तथा उपरोक्त भूमि को अपने साथी संदीप, जसबीर, मांगेराम, राजूदीन, सन्नी, शमशीर उर्फ भूरा के नाम करा दी थी। उसके बाद विपक्षीगण राजेन्द्र के द्वारा आबादी दर्ज कराकर प्लाटिंग करा दी है, तथा अपने साथियों के द्वारा पावर आटर्नी कराकर उसका कुछ हिस्सा विक्रय कर चुके है। किसान जितेन्द्र कुमार का आरोप है कि विपक्षीगण राजेन्द्र सिंह सहारनपुर का एक दबंग व भूमाफिया प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके चलते विपक्षीगण व उसके परिवार पर अलग अलग स्थानों पर सिविल कोर्ट में दर्जनों अभियोग चल रहे है। अपनी राजनैतिक पकड व रसूख के कारण यह लोगों की भूमियों पर अवैध कब्जे कर लोगों को प्रताडित कर उनकी भूमि को हडपता रहता है। विपक्षी के द्वारा सिविल जज जू0डि0 कैराना में वाद संख्या 59/2025 में एक वाद अपनी सम्पत्ति के विभाजन का 2.5267 हे0 पर अपनी भूमि पर यथा स्थिति के आदेश पारित करा लिए, तथा वर्तमान में विपक्षी पीडित किसान व उसके परिजनों के ऊपर मिथ्या आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया है। जो कि निराधार है, वर्तमान में पीडित किसान की भूमि की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से बढ गई है, जिसके चलते विपक्षी के द्वारा अपनी सम्पत्ति के विभाजन का प्रार्थना पत्र दिया है। विपक्षी पीडित किसान व उसके परिजनों की भूमि पर अपनी गंदी नजर बनाएं हुए है। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 11 अप्रैल 2025 को जो आदेश हुआ है कि वह यथा स्थिति तथा क्रय विक्रय ना करने का हुआ है, माननीय न्यायालय के द्वारा कोई भी आदेश ऐसा पारित नही किया गया है, जिसमें उपरोक्त भूमि पर स्टे लगाकर प्रार्थी व उसके परिजनों को खेती करने से नही रोका गया है।

# दो सगे भाईयों की पूर्वी यमुना नहर में डूबने से दर्दनाक मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स। ब्यूरो**

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेडीकरमू निवासी दो सगे भाईयों की पूर्वी यमुना नहर में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों भाईयों के डूबने की सूचना दी, जिस पर आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों के शवों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव खेडीकरमू निवासी 15 वर्षीय विशाल व 18 वर्षीय अनुज पुत्रगण मंजू अपने गांव के ही कई युवकों के साथ भीषण गर्मी में रविवार की स्कूल की छुटटी होने पर पूर्वी यमुना नहर पर नहाने के लिए गए। बताया जाता है कि जब वह गांव लिलौन व खेडीकरमू के बीच छोटी पुलिया के निकट पूर्वी यमुना नहर में नहा रहे थे तो अचानक दोनों भाईयों का पैर फिसल गया और वह नदी में बने गहरे गडढे में समा गए। साथ में नहा रहे युवकों ने उनको खोजने का प्रयास किया, लेकिन दोनों भाई नही मिले। जिसके बाद हडकंप मच गया और उन्होने मामले की सूचना आसपास मौजूद लोगों और ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने युवकों की काफी तलाश की, जिसके बाद दोनों युवकों के शव नदी के ऊपर आ गए। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों भाईयों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हे मृतक घोषित कर दिया। दो सगे भाईयों की मौत से परिजनों कोहराम मच गया। दोनों मृतक भाई शहर के आरके इंटर कालेज में कक्षा 10 के छात्र थे। पुलिस ने दोनों भाईयों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एक दिन में 1500 लोगों ने देखी फुले फिल्म



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो
नीमकाथाना। मेघवंश संस्थान द्वारा अब तक 5000 लोगों को निशुल्क दिखाई जा चुकी है फुले फिल्म। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणजीत महरानियां ने बताया कि मेघवंश जागृति संस्थान द्वारा रविवार को लक्ष्मी टाकीज नीमकाथाना एवं शिव टाकीज अजीतगढ़ में दो दो शो निशुल्क चलाकर करीब 1500 लोगों को एक दिन में ही फुले फिल्म दिखाई गई है। इतने लोगों की व्यवस्थाएं एवं प्रबंध हेतु संस्थान द्वारा गठित मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। रविवार को नीमकाथाना के प्रथम शो में रिकॉर्ड तोड़ 700 लोगों ने एक साथ इस फिल्म को देखने का अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक सामाजिक जागृति का पुण्य कार्य किया। इस स्पेशल शो में करीब 400 महिला एवं बच्चियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर माता सावित्री बाई फुले को सच्चे दिल से श्रद्धांजलि दी और उनके महान कार्यों से प्रेरणा लेकर नारी शिक्षा के प्रति संकल्प लिया । गौरतलब है कि मेघवंश जागृति संस्थान द्वारा दिनांक 11 मई 2025 को मदर्स डे के अवसर पर महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष एवं आदर्शों पर आधारित फुले फिल्म का नीमकाथाना शहर स्थित लक्ष्मी टाकीज सिनेमा में निशुल्क प्रदर्शन कर जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व आईएस के एल मीणा, डॉ अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान नीमकाथाना के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बबेरवाल, शंकरलाल बलाई, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मीणा भराला, पूरणमल मीणा, गजानंद सैनी, सुरेन्द्र कुमार सैनी, सागरमल चौधरी, ललित यादव दार्शनिक, पशुपालन विभाग के पूर्व उपनिदेशक डॉ ग्यारसी लाल सैनी आदि ने अपनी उपस्थिति व सहयोग प्रदान किया था। नारी शिक्षा एवं समाज जागरूकता हेतु चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाने हेतु मेघवंश संस्थान द्वारा फुले फिल्म निशुल्क प्रदर्शन मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया, जिसमें नीमकाथाना में पूर्व प्रबंधक सुभाष चंद सिंघल की अध्यक्षता में 25 एवं अजीतगढ़ में प्रोफेसर बजरंगलाल प्रशांत की अध्यक्षता में 15 सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। मैनेजमेंट कमेटी के महासचिव राजेंद्र प्रसाद महरानियां ने बताया कि संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणजीत महरानिया के संयोजन में संचालित इस अभियान के तहत अब तक कुल 11 निशुल्क शो इस फिल्म के दिखाए जा चुके है, जिनमें 9 नीमकाथाना एवं 2 अजीतगढ़ के सिनेमा घरों में दिखाए गए है।

जिनमें अब तक करीब 5000 लोगों ने इस फिल्म को निशुल्क देखकर समाज में नारी शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं समानता के लिए प्रेरणा ली तथा समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों, पाखंड, आडंबरवाद व शोषण के विरुद्ध संविधान के अनुरूप चलने का संकल्प भी लिया तथा फुले दंपति के जीवन संघर्ष, त्याग एवं आदर्शों पर अपने अपने विचार भी व्यक्त किए। संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणजीत महरानिया ने 20 मई 2025 मंगलवार तक नीमकाथाना के लक्ष्मी टाकीज में दोपहर 12 बजे वाला प्रथम शो निशुल्क दिखाये जाने की घोषणा कर अधिक से लोगो को इस फिल्म को देखने की अपील की है। साथ ही डॉ महरानियां के प्रयासों से प्रभावित होकर इन दोनों सिनेमा प्रबंध निदेशक प्रभु दयाल जाट ने इस फिल्म को 50 रुपए प्रति टिकट दर पर आमजन को दिखाने की घोषणा भी की है। जिसके चलते अधिक से अधिक लोग रियायती दरों पर भी इन सिनेमा घरों में फुले फिल्म देख कर समाज जागृति में अपने अपना योगदान देने का प्रयास कर रहे है।

# ई.पी. स्कूल में निःशुल्क करियर काउंसलिंग सेमिनार सप्ताह शुरू

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों
खैरथल स्थित ई.पी. स्कूल में आज से निःशुल्क करियर काउंसलिंग सेमिनार सप्ताह की शुरुआत हुई। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना और उनके भविष्य को सही दिशा में मार्गदर्शन देना है। ई.पी. निदेशक आजाद चौधरी ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान विभिन्न विषय विशेषज्ञ और अनुभवी काउंसलर विद्यार्थियों को करियर संबंधी विस्तृत जानकारी देंगे। छात्रों को उनकी रुचि, कौशल और मूल्यों के अनुरूप उपयुक्त करियर विकल्प चुनने में मदद की जाएगी। सेमिनार में प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन होगा, जिससे छात्र अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर सकेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य आचार्य राजेश कुमार ने कहा कि यह सेमिनार सप्ताह छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे वे अपने लक्ष्यों को स्पष्ट कर योजनाबद्ध रूप से आगे बढ़ सकें। प्रतिवर्ष ई.पी. स्कूल इस प्रकार का आयोजन करता है। जिसमें आईआईटी/ नीट/ सीए/ सीयूईटी जैसे बड़े एग्जाम में बच्चों की काउंसलिंग करके सुखद परिणाम प्राप्त हुए है। जैसे तरुण कुमार ने आईआईटी मेंस (2025) एग्जाम में 99.80 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं साथ ही नीट एग्जाम (2025) में प्रदीप कुमार 610 अंक के स्कोर के साथ जिला टॉपर होने की उम्मीद है।

# वन मंत्री ने किया वन नाका चौकी कुशलगढ़ एवं थैंक्यू बोर्ड का औचक निरीक्षण अव्यवस्थाओं पर जाहिर की नाराजगी, सफाई कर्मियों की परिवेदनाओं को सुनकर सकारात्मक समाधान के लिएकिया आश्वस्त



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
अलवर 18 मई। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार रात्रि में सरिस्का वन नाका चौकी कुशलगढ़ एवं थैंक्यू बोर्ड का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने वन नाकाओं के औचक निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि कार्मिक नाका पर अलर्ट रहकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति पंजीका की जांच करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों की गैर हाजिरी लगाई। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमित रूप से पंजीका में उपस्थिति दर्ज होने के साथ-साथ अनुपस्थित कार्मिकों के अवकाश का उल्लेख किया जावे। ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने पर नियमानुसार संबंधित कार्मिक के विरूद्ध कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे ।

उल्लेखनीय है कि वन मंत्री शर्मा ने 4 मई को भी टहला रेन्ज के वनपाल नाका कुण्डला का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका की जांच कर अनुपस्थित कार्मिकों की गैर हाजिरी लगाते हुए कार्मिकों को अनुशासन व जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों के निर्वहन करने के निर्देश दिये।

# अलवर में दो समुदायों के बीच खूनी संघर्षः तलवार और पत्थरों से हमला, आधा दर्जन लोग घायल, गांव में तनाव, सुरक्षा कड़ी

अलवर जिले के सदर थाना क्षेत्र के गांव दादर में रविवार को कश्मीरी पंडित और सिख समुदाय के बीच पुरानी रंजिश और बच्चों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ यह विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया, जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में सतनाम, मलकीत और जसवंत की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें उपचार के लिए सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल सतनाम के अनुसार, घटना की शुरूआत उस समय हुई जब सतनाम सुबह 9 बजे मार्केट से गांव लौट रहा था। तभी गांव के कुछ लोगों ने उसे रास्ते में रोक लिया और तलवार तथा पत्थरों से हमला कर दिया। बीच-बचाव के लिए पहुंचे मलकीत, जसवंत और अन्य लोगों पर भी हमला किया गया। सतनाम का आरोप है कि कश्मीरी पंडित समुदाय के सचिन, नितिन और उनके साथियों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगातार स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# राष्ट्रीय जाट महासंघ महिला मोर्चा ने उपराष्ट्रपति धनखड़ का जन्मदिन झुग्गी झोपड़ियों में मनाया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो झुंझुनूं। राष्ट्रीय जाट महासंघ महिला मोर्चा कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रकला चौधरी के नेतृत्व में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जन्मदिन कच्ची बस्ती के बच्चों को चूरू रोड़ पर मातृशाला पाठशाला के पास झुग्गी झोपड़ियों में पाठ्य सामग्री वितरित कर मनाया। इस मौके पर महिला मोर्चा ब्लॉक महासचिव रितु चौधरी ने गरीब बच्चों को पढ़ाई-लिखाई का महत्व बताते हुए उनको पाठ्य सामग्री की हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया।

# सीवरेज लाइन में लापरवाही बनी जनता के लिए मुसीबत



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
सिंगरौली जिले के नगर पालिक निगम क्षेत्र में चल रहे सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य में भारी अनियमितताएं और लापरवाहियां उजागर हो रही हैं। गनियारी स्टेट बैंक के समीप घटित एक ताजा घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली और जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना स्थल पर एक वाहन, सीवरेज लाइन की अधूरी और लापरवाही से की गई मरम्मत की वजह से गहरे गड्ढे में फंस गई। बताया जा रहा है कि सीवरेज पाइपलाइन डालने के बाद जिस जगह खुदाई की गई थी, उसे पूरी तरह से सीमेंट-कंक्रीट से भरना था, ताकि सड़क की सतह पूर्ववत सुचारु हो सके। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार और अभियंताओं ने महज खानापूर्ति करते हुए सतही मरम्मत की, जो एक बड़े हादसे का कारण बन गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे काम में न केवल गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, बल्कि नियमों को भी खुलेआम ताक पर रखा गया है। नियमानुसार, ऐसे निर्माण कार्यों के दौरान और बाद में जब तक सड़क की मरम्मत पूरी न हो, तब तक बैरिकेडिंग या चेतावनी संकेतक लगाना अनिवार्य होता है। लेकिन इस मामले में न तो कोई बैरिकेड नजर आया, न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था, जिससे न केवल गाड़ियों को नुकसान हुआ, बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# विस्थापन की वेदना और न्याय की पुकारः मोरवा की चेतावनी सभा से उठेगा आवाज का तूफान

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
सिंगरौली की धरती, जिसने वर्षों से विकास और दोहन की मार झेली है, आज एक बार फिर विस्थापन की आंच में झुलस रही है। सरकारी, वन और अनुबंधित भूमि पर बसे हजारों परिवारों के घर उजड़ने की कगार पर हैं, लेकिन पुनर्वास और मुआवजे की निष्पक्ष व्यवस्था अब तक दूर की कौड़ी बनी हुई है। इन्हीं दर्दभरी सच्चाइयों के खिलाफ अब आवाज बुलंद हो रही है।

**18 मई को मोरवा में होगी चेतावनी सभा**

पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य के नेतृत्व में 18 मई 2025 को शाम 4 बजे, मोरवा बस स्टैंड पर एक विशाल चेतावनी सभा का आयोजन होने जा रहा है। यह सभा विस्थापित परिवारों के हक और न्याय की मांग को लेकर प्रशासन व कंपनियों को एक स्पष्ट संदेश देगी झ ₹अब और नहीं सहेंगे अन्याय। यह विस्थापन नहीं, यह सामाजिक पहचान पर हमला है NCL और अन्य परियोजनाओं की विस्थापन प्रक्रिया में दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। पट्टेदारों को लाभ मिल रहे हैं, लेकिन दशकों से बसे गैर-पट्टेदार, गरीब और वनवासी परिवार केवल उजड़ने के लिए मजबूर हैं। इनका अपराध बस इतना है कि उन्होंने वर्षों पहले शासकीय या अनुबंधित जमीन पर अपना घर बनाया और मेहनत से जीवन जिया।
विस्थापितों की प्रमुख मांगें झ सिर्फ अधिकार, कोई एहसान नहीं
सभा के माध्यम से विस्थापित परिवारों ने अपनी मांगे स्पष्ट की हैं: पट्टेदारों की तर्ज. पर सभी भूमिहीन व अस्थायी निवासियों को भी मान्यता और लाभ मिले।
प्रत्येक परिवार को15 लाख की आर्थिक सहायता।
हर पात्र सदस्य को अलग से ?15 लाख की सहायता, जिससे वह भविष्य सुरक्षित कर सके।
वर्तमान ?5 लाख के विस्थापन भत्ते को ?10 लाख किया जाए।
पुनर्वास स्थल की बजाय अपनी जमीन छोड़ने पर सीधे ?15 लाख का भुगतान हो। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को शिक्षा व भविष्य हेतु प्रोत्साहन राशि।अनुबंध भूमि पर बने मकानों का भुगतान सीधे भवन स्वामी के खाते में। मेडिकल कार्ड और बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष व्यवस्था। न्याय की यह पुकार प्रशासन के दरवाजे तक गूंजनी चाहिए यह सभा सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि वर्षों से हो रहे अन्याय का जवाब है। यह उन सैकड़ों परिवारों की उम्मीद है, जिनकी पहचान और जीवनशैली आज खतरे में है।

पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य और सामाजिक संगठनों की पहल इस आंदोलन को नई दिशा देने जा रही है।
न्याय की यह राह कठिन है, लेकिन जरूरी है। 18 मई को होने वाली यह चेतावनी सभा ना केवल प्रशासन को झकझोरेगी, बल्कि यह संदेश भी देगी कि यदि विस्थापितों की पीड़ा नहीं सुनी गई, तो आंदोलन की ज्वाला और भी व्यापक होगी। इस सभा में जिलेभर के न्यायप्रिय नागरिकों की उपस्थिति न्याय की इस लड़ाई की ताकत देगी।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल को टस्कर अवार्ड्स 2025 में प्रतिष्ठित दो स्वर्ण पुरस्कार से किया गया सम्मानित




नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
एनटीपीसी विन्ध्याचल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए टस्कर अवार्ड्स 2025 में दो प्रतिष्ठित स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त किए हैं। यह गौरवमयी सम्मान 17 मई 2025 को तिरुवनंतपुरम में आयोजित समारोह में प्रदान किए गए। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना को ह्यसीएसआर उत्कृष्टताह्र और ह्यराजभाषा समावेशिताह्न की श्रेणियों में यह सम्मान प्राप्त हुआ। एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार अजय कुमार मीणा, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने ग्रहण किए।

सीएसआर उत्कृष्टता पुरस्कार एनटीपीसी विन्ध्याचल की उस प्रतिबद्धता को मान्यता देता है, जिसके अंतर्गत उसने स्थानीय समुदायों के समग्र विकास के लिए बहुआयामी पहलों को क्रियान्वित किया है। साथ ही बुनियादी ढांचा विकास, कौशल प्रशिक्षण, आर्थिक सशक्तिकरण तथा ह्यबालिका सशक्तिकरण अभियानह्न के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण में अहम योगदान दिया है। तथा राजभाषा समावेशिता पुरस्कार हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु किए गए प्रयासों का प्रमाण है। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने न केवल अपने कर्मचारियों, बल्कि उनके परिवारों, संविदा कर्मियों और स्कूलों तक राजभाषा के प्रति जागरूकता और सहभागिता का वातावरण निर्मित किया है। ये दोनों पुरस्कार एनटीपीसी विन्ध्याचल की राष्ट्र सेवा, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और भी सशक्त बनाते हैं।

# दुद्धीचुआ परियोजना में सुरक्षा अधिकारी वर्कशॉप से नीचे गिरा हुई मौत



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
आज एनसीएल की दुद्धीचुआ माइंस में एक सुरक्षा अधिकारी वर्कशॉप के नीचे गिरने से मौत होने की खबर है। मिली जानकारी के मुताबिक अपनी ड्यूटी में तैनात सुरक्षा अधिकारी रूद्र प्रताप सिंह बघेल अपना कार्य कर रहे थे इसी दौरान वह वर्कशॉप के नीचे गिर गये जिससे उनकी मौत हो गई। आरोप है कि वर्कशॉप में कार्य करते वक्त एनसीएल कर्मी द्वारा धक्का देने बताया जाता है जिससे उनकी मौत हुई है। जानकारी के अनुसार रूद प्रताप सिंह सिक्योरिटी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। सूत्रों के अनुसार एनसीएल कर्मी एवं सिक्योरिटी ऑफिसर के बीच में किसी बात को लेकर देर रात हुआ था विवाद, आरोप है कि आक्रोशित होकर एनसीएल कर्मी ने सिक्योरिटी ऑफिसर को वर्कशॉप के पास से माइंस में दिया धक्का जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना से एनसीएल के दुद्धीचुआ परियोजना में मचा हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई।

# 24 मई को होगा चार दिवसीय सिंगरौली महोत्सव कार्यक्रम का आगाज, तैयारियां जोरो पर

## आदित्य नारायण, रुपाली जग्गा, अभिजीत सावंत बिखेरेंगे जलवा




नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
सिंगरौली महोत्सव के आयोजन पर छाये संकट के बादल टल गये हैं। कार्यक्रम अब नियत तिथि पर होगा। इस साल सिंगरौली महोत्सव में वॉलीवुड के जाने-माने गायक कलाकारों को प्रस्तुति देने के लिए बुलाया जा रहा है। जिसमें गायक आदित्य नारायण, रुपाली जग्गा, इंडियन ऑयडल विनर अभिजीत सावंत, अरुणिता कांजीलाल, नचिकेत लेले अपनी सुमधुर आवजा का जादू बिखेरेंगे। 24 मई से लेकर 27 मई तक आयोजित होने वाले महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को भी प्रस्तुति देने का मौका दिया जायेगा। वहीं कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें देश के जाने-माने कवियों को बुलाया जा रहा है। कवियों का नाम अभी फाइनल नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि एक दो दिन में कवियों की सूची फाइनल कर ली जायेगी।

**सिंगरौली महोत्सव का आगाज 24 मई को**

चार दिवसीय सिंगरौली महोत्सव का आगाज 24 मई को होगा। पहले दिन गायक कलाकार आदित्य नारायण और रुपाली जग्गा प्रस्तुति देंगे। 25 मई को कवि सम्मेलन होगा। 26 मई को इंडियन आयडल विनर अभिजीत सावंत और उनकी टीम प्रस्तुति देगी। महोत्सव के समापन पर 27 मई को नचिकेत लेले और अरुणिता कांजीलाल प्रस्तुति देंगे। आयोजन के चारों दिन स्थानीय कलाकारों को भी प्रस्तुति देने का मौका दिया जायेगा।

जिले की स्थापना दिवस पर हर साल आयोजित होने वाले सिंगरौली महोत्सव को लेकर जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। महोत्सव के सभी कार्यक्रम स्थानीय राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में आयोजित होंगे। पिछले साल लोकसभा चुनाव की अधिसूचना लागू होने के चलते महोत्सव का आयोजन नहीं हो पाया था। जिससे इस साल जिले के लोगों को उम्मीद है कि और भव्य आयोजन किया जायेगा।

# सड़क सुरक्षा सह- वाहन पार्किंग को लेकर बड़ी कारवाई, लगाया जुमार्ना, सकते में लोग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

झारखण्ड के पाकुड़ में अवैध पार्किंग को लेकर बड़ी कारवाई की गई है। जिससे रोजमर्रा की जीवनशैली में जरुरतों को पूरा करने हेतु वाहन के माध्यम से पाकुड़ नगर क्षेत्र के विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों, सरकारी/ गैर-सरकारी कार्यालयों समेत कोर्ट-कचहरी में आने वाले आम-जनों सहित अन्य में खौफ का आलम है। हालांकि, अवैध वाहन पार्किंग को लेकर लगातार आ रही शिकायत और पैदल या फिर साइकिल/ मोटरसाइकिल/ फोर व्हीलर से सफर तय कर अपने जरुरतों को पूरा करने वाले जाम की समस्या से जूझ रहे आम-जनों की सुविधार्थ में एवं सड़क सुरक्षा के मद्देनजर यह कारवाई बेहद जरूरी भी था। जिससे लोग सतर्क रहने के साथ अनाधिकृत वाहन पार्किंग / सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए एक आदर्श नागरिक का



परिचय देने में अपनी भूमिका सुनिश्चित कर सके। गौरतलब है कि प्रशासन के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के कई जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बावजूद लोग अनाधिकृत रूप से वाहन को जहां - यहां खड़ा कर देने से अक्सर जाम हुआ करता है और अन्ततः लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि यह कारवाई आमजनों की सुविधार्थ में ही की गई है, ताकि लोग जहां- तहां वाहन खड़ा न करे एवं सड़क किनारे अधिकृत वाहन पार्किंग स्थानों या फिर दुकानों/ प्रतिष्ठानों / कार्यालयों, कोर्ट - कचहरी परिसर में मौजूद वाहन पार्किंग स्थान पर ही वाहन खड़ा कर अपने जरूरतों को पूरा कर आसानी पैदल या फिर वाहन को ड्राइव करते हुए अपने गंतव्य स्थान/ आवास को जा सके। वही डीटीओ एवं नगर परिषद, पाकुड़ की संयुक्त टीम ने बड़ी कारवाई करते हुए विभिन्न चौक- चौराहों के पास अनधिकृत रूप से पार्किंग करने समेत पाकुड़ कोर्ट परिसर अन्य के किनारे अनधिकृत रूप से पार्किंग किये गये कई वाहनों (बाइक /दो पहिया वाहन) को टोइंग गाड़ी से टो करके नगर थाना लाया गया। साथ ही करीब 10 दो पहिया वाहनों से बिना हेलमेट, ड्रंक एंड ड्राइव करने को लेकर एमबी एक्ट के तहत दंड की राशि ई- पस मशीन के माध्यम से करीब 6 हजार 650 रुपए की वसूली की गई तथा चेतावनी दी गयी कि यदि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो लाइसेंस को निरस्त कर दिया जायेगा एवं कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। वही डीटीओ ने आम-जनों से अपील करते हुए कहा की सड़क सुरक्षा सहित वाहन पार्किंग नियमों का पालन अवश्य करे और दंडित होने से बचे।

# अवैध कोयले के काले कारोबार का खुलासा, बलियापुर थाना क्षेत्र में प्रशासनिक संरक्षण में फल-फूल रहा है अवैध कारोबार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद जिले के बलियापुर थाना अन्तर्गत अवैध कोयले का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। और इस गैरकानूनी गतिविधि में स्थानीय प्रशासन के कुछ अधिकारियों की मिली भगत है, इस अवैध कारोबार में राजा रवानी और पप्पू खान (जगन कोच) बलियापुर क्षेत्र में सक्रिय ये व्यक्ति अवैध कोयला चोरी में लिप्त बताए गये हैं। संजय गुरई (परस बनिया), स्थानीय कोयला खदानों से कोयला चोरी कर इसे मनीष अग्रवाल के भट्टे में बेचने का काम कर रहे हैं। वही अशोक महतो (पहाड़ी घोड़ा स्टेशन) स्टेशन के सामने से अवैध



कोयला ले जाकर इसकी बिक्री करते हैं। ताहिर और पंकज महतो (कुसमाटांड़) क्षेत्र में अवैध कारोबार में सक्रिय है। वही इस अवैध कारोबार का मुख्य क्षेत्र मनीष अग्रवाल के भट्टे में कोयला पहुंचाने का काम करते हैं। विश्वनाथ सिंह (गोलमार) स्थानीय स्तर पर अवैध कोयला व्यापार का प्रमुख संचालक माना जाता है। वही आरोप है कि मनीष अग्रवाल इस अवैध गोरखधंधे में मुख्य भूमिका निभाते हैं। मनीष अग्रवाल ने कथित तौर पर दावा किया है कि उनकी ऊपर से सेटिंग है, जिसके चलते उन्हें किसी कार्रवाई का डर नहीं है।

# विस्फोटक मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), मालपहाड़ी पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक अभियुक्त को दबोच लिया है, जिसे गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक हिरासत में मंडल कारा पाकुड़ भेज दिया गया है। वही थाना प्रभारी अंशू कुमार उपाध्याय के द्वारा साझा की गई के मुताबिक पाकुड़ मालपहाड़ी ओ०पी० कांड संख्या-190/ 21, ४/२- 4/54 खटटउफ अू३. & 4/21 खटटऊ्फ अू३. & 4/5 ए७स्त्र'ङ्क१५ी २४ु..अू३.



के अप्राथमिकी अभियुक्त- रकीबुल शेख ( आयु - 46 वर्ष लगभग, पिता स्व०- फैराद शेख, ग्राम लखनपुर, (किस्मतकदमसार) थाना पाकुड़ (मु०) , जिला पाकुड़) को को रात्रि में विधिवत छापामारी कर गिरफ्तार किया गया, जिससे 18 मई 2025 रविवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ राष्ट्रीय साधन सह- छात्रवृत्ति परीक्षा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), राष्ट्रीय साधन सह- मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2024- 25 के तहत 18 मई 2025 को आयोजित परीक्षा रानी ज्योतिर्मयी बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़ में कदाचार मुक्त शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। कक्षा 8 अध्यनरत छात्रों के लिए यह छात्रवृत्ति परीक्षा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षकों एवं वीक्षक की मौजूदगी में कदाचार मुक्त एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में हुआ। परीक्षा सुसंपन्न कराने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पूर्ति के द्वारा परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण भी किया गया। आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा के ध्यानार्थ परीक्षा केन्द्र रानी ज्योतिर्मयी बालिका उच्च विद्यालय, पाकुड़ के लिए करीब परीक्षार्थियों की संख्या- 198 में से 188 छात्र- छात्रा परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 10 अनुपस्थित रहे।

# केसलपुर कुम्हार पट्टी विस्थापन मुद्दे पर महिलाएं हुई गोलबंद, बैठक कर आगे की रणनीति तैयार करने में लगी महिलाएं



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), कतरास (एरिया-4, बीसीसीएल): बीसीसीएल एरिया-4 अन्तर्गत केसलपुर कुमारपट्टी के ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने एकजुट होकर पुनर्वास से पहले समुचित पुनर्निर्माण (पुनर्वास) की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। महिलाओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक उन्हें उनके हक और अधिकार नहीं मिलेंगे, वे चुप नहीं बैठेंगी। स्थानीय महिलाओं ने बीसीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि वर्षों से उनकी जमीन और संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन पुनर्वास की प्रक्रिया में अनदेखी की जा रही है। अब जब क्षेत्र से लोगों को हटाने की बात हो रही है, तो पहले उन्हें पुनर्वासित करना जरूरी है। इस बीच, बीसीसीएल क्षेत्र अन्तर्गत संचालित मां अंबे आउटसोर्सिंग कम्पानी को भी जमीन उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण संचालन में कठिनाई आ रही है। ऐसी स्थिति में कम्पानी ने अपना बोरिया-बिस्तर समेटना शुरू कर दिया है। यदि कम्पानी का संचालन बंद होता है, तो वहां कार्यरत सैकड़ों मजदूरों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# झारखण्ड विधानसभा की आवास समिति के सभापति ने की पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक, दिया दिशा- निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०) , झारखण्ड विधानसभा की आवास समिति के सभापति दशरथ गगराई की अध्यक्षता में जिला के पदाधिकारियों के साथ लातेहार परिसदन के सभागार में रविवार को बैठक आयोजित की गई। झारखण्ड विधानसभा की आवास समिति ने लंबित पड़े आवास योजनाओं एवं विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित मामलों के निष्पादन को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। समिति के सभापति ने लंबित आवास योजनाओं को जल्द पूरा करने तथा निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके भवनों को हैंडओवर करने का निर्देश दिया। साथ ही जहां आवश्यक है वहां भूमि उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान सभापति ने समीक्षा के क्रम में कहा कि कार्य समय पर पूर्ण करे, ताकि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि समिति भ्रमण कर सभी कार्यों का जायजा ले रही है। समिति द्वारा रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपा जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, भवन निर्माण, ग्रामीण विकास, पथ निर्माण, जल संसाधन, कृषि एवं पशुपालन, कल्याण, नगर पंचायत, उत्पाद, परिवहन, वन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खनन , मंडल कारा सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बसंतराय में अतिक्रमण हटाने के नाम पर खानापूर्ति

## - छोटे दुकानदार निशाने पर, बड़े बिल्डिंगों को मिली राहत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा/ बसंतराय : प्रखंड प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा अतिक्रमण मुक्त अभियान सवालों के घेरे में आ गया है। स्थानीय जनता और दुकानदारों का आरोप है कि इस अभियान के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है, और कार्रवाई में भारी पक्षपात किया जा रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने कुल 104 अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार की थी। लेकिन अब तक सिर्फ 60 लोगों को ही नोटिस जारी किया गया है, जिनमें अधिकांश छोटे दुकानदार शामिल हैं। वहीं, बड़ी बिल्डिंगों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और रसूखदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

दुकानदारों में आक्रोश- स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि ₹हम जैसे छोटे दुकानदारों को ही हर बार बलि का बकरा बनाया जाता है। सड़क के किनारे हमारी छोटी सी दुकान ही इनकी नजर में अतिक्रमण है, लेकिन बड़े-बड़े भवन जो सरकारी जमीन पर बने हैं, उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। क्या सिर्फ गरीबों के लिए ही कानून है।

# कतरास में निकली तिरंगा यात्रा, गूंजे 'सैनिक जिंदाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद' के नारे

एनपीटी ब्यूरो, धनबाद (झा०खं० ), देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों की याद में कतरास में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारे- सैनिक जिंदाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सैनिकों के बलिदान को स्मरण करना और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल बनाना था। तिरंगा यात्रा के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि भारत की जनता अपने सैनिकों के साथ खड़ी है और पाकिस्तान स्थित उग्रवादी संगठनों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने को तैयार है। यात्रा में कतरास के कई सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में धनबाद के सांसद श्री ढुलू महतो एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सैनिकों के अदम्य साहस और शौर्य को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए हमारे सैनिक हर मोर्चे पर डटे हुए हैं, और हम सबको उनका सम्मान करना चाहिए।

# प्रथम झारखण्ड राज्य स्तरीय कैरम टैलेंट अंडर-19 प्रतियोगिता का चैंपियन बने जिला साहेबगंज

एनपीटी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का सफल आयोजन 17 मई को मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रांची में किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक अंडर-19 आयु वर्ग में साहेबगंज जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्लस 2 उच्च विद्यालय, कोदरजन्ना, साहेबगंज के छात्र मोहम्मद दानिश और मोहम्मद शमी अख्तर की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन करते हुए राज्यभर की प्रतिभागी टीमों को पछाड़ते हुए यह गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि पर साहेबगंज जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग में हर्ष की लहर दौड़ गई।

# विश्व कला दान दिवस पर सफाई कार्यक्रम आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा : विश्व कला दान दिवस₹ पर आर्ट ऑफ गिविंग के गोड्डा जिला इकाई द्वारा नगर अंतर्गत राज कचहरी तालाब के समीप सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं बताया गया कि गोड्डा जिला इकाई द्वारा यह कार्यक्रम न केवल समुदाय को साफ-सुथरा, बल्कि लोगों को कला और संस्कृति के माध्यम से समाज सेवा के महत्व को भी समझाने का प्रयास किया गया।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समुदाय को साफ-सुथरा बनाना और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में कला और संस्कृति को शामिल कर-के, हम लोगों को इन क्षेत्रों में रुचि लेने और समाज सेवा के महत्व को समझने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। आर्ट ऑफ गिविंग के गोड्डा जिला इकाई के द्वारा मुख्यालय में राजकचहरी तलाब पर सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर वॉलीबाल के खिलाड़ी एवं पदाधिकारी गण मौजूद थे।

# बीडीओ ने रूआर के तहत शिक्षा विभाग से संबंधित की समीक्षा बैठक

## विद्यालयों में बच्चों के ठहराव पर दिया जोर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा/ महगामा : प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में शिक्षा विभाग की एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महागामा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनेलाल हांसदा ने किया। उक्त बैठक में पूरे प्रखंड में शिक्षा में गुणात्मक विकास के लिए बिंदुवार समीक्षा की गयी। इस दौरान बीडीओ ने निर्देश दिया कि स्कूल रुआर-25 के तहत प्रखंड के सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन किया जाए। किसी भी परिस्थिति न में ना ही कोई बच्चा अनामांकित रहे और ना ही क्षितिज। उन्होंने कहा कि स्कूल रुआर-25 कार्यक्रम के संपन्न हो जाने के उपरांत विद्यार्थियों में गुणवत्तापूर्ण



शिक्षा एवं शत प्रतिशत ठहराव सुनिश्चित होना चाहिए। प्रखंड अंतर्गत विद्यालयों के आधारभूत ढांचे की पूर्ण जानकारी प्राप्त की गयी।

इस मौके पर उपस्थित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी महागामा मनोज कुमार बालहंस ने सभी कर्मियों से कहा कि जहां पर भी विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन नहीं हुआ है, अविलंब प्रतिवेदन समर्पित किया जाये। वैसे बच्चे जिनका आधार कार्ड नहीं बना है, प्रखंड कार्यालय में आकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं छात्र के अभिभावक आधार कार्ड को बनाना सुनिश्चित करेंगे। 13 साल से ज्यादा अवधि पूर्ण कर चुके विद्यालय प्रबंधन समिति को विघटित करने का सुझाव भी आया। उपस्थित सभी सीआरपी एवं बीआरपी को विद्यालय का सूक्ष्मता के साथ अनुश्रण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में शिक्षकों के द्वारा विद्यालय अवधि में विद्यालय से बाहर जाकर कोई कार्य न करें। इस अवसर पर सीआरपी/बीआरपी महासंघ के पूर्व जिला महासचिव मो० सुलैमान जहांगीर आजाद, अब्दुर रशीद, निसार अहमद, सुभाष शुक्ला, सुधीर कुमार यादव, अजीज अख्तर, मुर्शीद आलम, मोहम्मद नसीम, एमआइएस कोऑर्डिनेटर एवं कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# श्याम लाल महाविद्यालय(सांध्य) में राष्ट्र प्रथम अभियान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

श्याम लाल महाविद्यालय (सांध्य),दिल्ली विश्वविद्यालय ने इधर भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जिस तरह आतंकवादियों के कैंपों को नष्ट किया। इसके मद्देनजर महाविद्यालय ने राष्ट्र प्रथम अभियान के माध्यम से भारतीय सेना के इस निर्णय का समर्थन किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.नचिकेता सिंह ने इस अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान हमारे वीर सैनिकों के प्रति हमारी श्रद्धांजलि और सम्मान है, जिन्होंने आतंकवादी हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। ऐसे समय में जब राष्ट्र अपने ही भाइयों की हत्या का बदला लेना चाहता था। यह हमारी बहनों के सिंदूर के सम्मान की रक्षा और संरक्षण के लिए हमारे राष्ट्र की एकजुटता और एकता दिखाने के लिए यह हमारे दृढ़ संकल्प को भी व्यक्त करता है।श्याम लाल महाविद्यालय (सांध्य) परिवार भारत सरकार और



तीनों सशस्त्र सेनाओं के द्वारा आतंकवाद के खिलाफ लिए गए निर्णय में एकजुटता के साथ खड़ा है। क्योंकि हमारे लिए सबसे पहले हमारा राष्ट्र है।

बी.ए (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सिंदूर की सफलता पर एक नाटक प्रस्तुत किया।उसके बाद प्राचार्य महोदय की अगुवाई में फ़्लैग मार्च निकाला गया। इस अवसर पर डॉ. अमित सिंह ने सभी को राष्ट्र प्रथम के समर्थन में शपथ दिलाई।शपथ के उपरांत डॉ. अमित सिंह और छात्रों ने राष्ट्रीय एकता को बढाने के क्रम में तिरंगे के साथ दौड़ लगाई।

इस अभियान के संयोजक डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि हम फ्लैग मार्च, शपथ ,राष्ट्रीय एकता तिरंगा दौड़,नाटक आदि प्रस्तुतियों को अपनी सेना को समर्पित करते हुए उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि हम सभी आपके साथ हैं। डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए सेना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या।

इस अभियान में महाविद्यालय के अध्यापकों, नॉन-टीचिंग स्टाफ के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही

# किसान संघर्ष समिति वेव सिटी ने जताया विरोध

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

गाजियाबाद। किसान संघर्ष समिति वेव सिटी ने आज जताया विरोध जैसे कि किसान संघर्ष समिति वेव सिटी के नाम से वेव सिटी में एक धरना चल रहा है 2014 में किसानों का एक समझौता हुआ था 8% को लेकर उसी को लेकर आए दिन किसान विरोध प्रदर्शन करते रहे थे पीछे लेकिन 17/3/ 2025 में किसान संघर्ष समिति के किसान समस्त गांव से धरना स्थल पर बैठ गए थे वेब सिटी सेल्स ऑफिस पर आज उन्हें बैठे हुए 2 महीने हो चुके हैं लेकिन किसानों की पीड़ा कोई भी शासन प्रशासन यहां तक कि वेव सिटी बिल्डर भी सुनने को तैयार नहीं है किसानों का कहना है कि आज सब अंधे बहरे और गूंगे हो गए हैं इसी को लेते 17/5/2025 को किसान संघर्ष समिति के किसानों ने अपने हाथों में काला रिबन और कपड़े निकाल कर विरोध जताया ताकि सरकार को और बिल्डर वेव सिटी को किसान की पीड़ा दिखाई दे जाए उसी के साथ-साथ अनुज चौधरी ने कहा है



कि अब की बार हाथों में काला रिवर नहीं अगर यह तारीख अगले महीने की भी किसानों को देखनी पड़ी तो वह दिन दूर नहीं के इस तारीख पर किसान काला झंडा भी दिखाने का काम करेंगे इसी के साथ-साथ अनुज चौधरी ने आज एक और बड़ा ऐलान कर दिया के 10 तारीख में होने वाली महापंचायत जो कि पहलगाम हमले में हुए हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच में जो युद्ध के हालात थे उसी को देखते हुए निरस्त कर दिया था आज फिर ऐलान कर दिया गया है कि किसान संघर्ष समिति 27 तारीख में वेव सिटी सेल्स ऑफिस पर एक महापंचायत करेंगे जिसमें हजारों की तादाद में किसान और समस्त देश के किसान संगठन बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और उसमें जो भी निर्णय होगा महापंचायत में उसे किसान एक बड़े आंदोलन के रूप में आगे ले जाने का काम करेंगे उपस्थित रहे सतीश त्यागी गुड्डू मुखिया देवेंद्र शर्मा गुरुजी दुरई ओमपाल फौजी यशपाल सिंह प्रदीप कुमार यशपाल शर्मा पप्पू जय चौधरी जयंत चौधरी राजा चौधरी मोहित त्यागी कोमल चौधरी पिलो चौधरी चेतन चौधरी टीटू त्यागी नरेश पाल चौधरी राजवीर चौधरी कमलेश देवी नीलम देवी संतोष मेवा रानी भगवती देवी आदि किसान और महिला उपस्थित रही

# जिला डार्ट खेल संगठन गाजियाबाद की और से तीसरी जिला डार्ट प्रतियोगिता आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

गाजियाबाद। जिला डार्ट खेल संगठन गाजियाबाद की और से तीसरी जिला डार्ट प्रतियोगिता का दिनांक 17 मई 2025 को राज नगर एक्सटेंशन अग्रवाल हाइट्स के क्लब में आयोजन किया गया जिसमें जिला गजियाबाद विभिन्न वर्गों के 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । सुबह 10:00 बजे।

गिरीश राजवंशी जी ने विधिवत फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया साथ में रोहित एस शर्मा । राम सिसदिया अध्यक्ष उत्तर प्रदेश डार्ट संगठन, सत्येंद्र कुमार वर्मा प्रेसिडेंट जिला गाजियाबाद संगठन मौजूद रहे प्रतियोगिता में किड्स वर्ग में बालकमें आर्यवीर सिह चौहान स्वर्ण पदक, रियांश भार्गव रजत पदक, बालिका वर्ग में मुद्रा रस्तोगी ने रजत पदक,सब जूनियर वर्ग मे अभिनीत सिसोदिया स्वर्ण



पदक, कार्तिक शर्मा रजत पदक, बालिका वर्ग में नव्या सिंह स्वर्ण पदक, जिनीषा भार्गव रजत पदक, जूनियर बालक वर्ग में सिद्धांत छौंकर स्वर्ण पदक , देव जीत राय रजत पदक, जूनियर बालिका वर्ग में सौम्या शर्मा स्वर्ण पदक , अनिष्का सिसोदिया रजत पदक, सीनियर पुरुष वर्ग म अंकुर गर्ग स्वर्ण पदक, नमन सरीन रजत पदक, सजल गुप्ता स्वर्ण पदक, महिला वर्ग मे कनिका सिसोदिया स्वर्ण पदक, इशिका ससोदिया रजत पदक,

मास्टर्स पुरुष में राम सिसोदिया स्वर्ण पदक किशन कुमार रजत पदक, सुपर मास्टर्स में सत्येंद्र कुमार वर्मा स्वर्ण पदक, पमोद कुमार शर्मा रजत पदक, व चंद्रशेखर शर्मा ने कांस्य पदक जीता सुपरमस्टर महिला वर्ग मे श्रीमती रेणु बाला ने स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में से जिला गाजियाबाद के आठ खिलाड़ियों का चयन जून में होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। डॉट संगठन के पदाधिकारी ने जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाइयां दी।

# दो डिग्री नीचे आया तापमान, गर्मी से राहत नहीं



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

गाजियाबाद। रविवार को अधिकतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस नीचे आकर 39 व न्यूनतम तापमान बिना किसी परिवर्तन के 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में आर्द्रता कम होकर 40 फीसदी रही। हवा की रफ्तार में भी गिरकर आठ किलोमीटर प्रति घंटा पहुंच गई। आने वाले बुधवार तक मौसम में किसी तरह का बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाएंगे और सप्ताह के अंत में बारिश होने की संभावना बन रही है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. यूपी शाही ने बताया कि सोमवार को अधिकतम तापमान एक डिग्री नीचे आकर 38 व न्यूनतम पारा दो डिग्री गिरकर 26 रह सकता है। मंगलवार को इसमें मामूली परिवर्तन होगा। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने से शनिवार को बारिश होने की संभावना बन रही है। इसके बाद अधिकतम तापमान 35 से नीचे आएगा। गर्मी से थोड़ी राहत मिली रहेगी। अगले सप्ताह में उमस झेलने के लोगों को तैयार रहना होगा।

# जीडीए की 169वीं बोर्ड बैठक कल शहर के विकास पर होगी चर्चा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

गाजियाबाद। जीडीए की 169वीं बोर्ड बैठक मंगलवार को मेरठ में होगी। बैठक में शहर के विकास पर मंथन किया जाएगा। बैठक में जीडीए की ओर से पिछली बोर्ड बैठक की कार्यवृत्ति के अनुपालन समेत 23 प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रमुख प्रस्तावों महायोजना 2031 की मंजूरी, मधुबन-बापूधाम योजना के लेआउट में परिवर्तन, हरनंदीपुरम योजना के लिए तय किए गए जमीन के रेट के अनुमोदन हैं। करीब चार साल पहले महायोजना 2031 के लिए कार्ययोजना शुरू हुई थी। पिछली बोर्ड बैठक में महायोजना के प्रस्ताव के ड्राफ्टिंग में शाब्दिक त्रुटियों की वजह से वापस कर दिया गया था। बोर्ड अध्यक्ष की ओर से संशोधन और आपत्ति सुझाव मांगकर निस्तारण कर पेश करने के लिए कहा गया था। करीब 65 आपत्तियां और सुझाव आए, जिन्हें निस्तारित कर संशोधित प्रस्ताव बोर्ड बैठक में ले जाया जा रहा है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में शहरी विकास एवं नियोजन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर महायोजना 2031 को मई के अंतिम सप्ताह तक मंजूरी देने के लिए कहा था। इसी क्रम में जीडीए ने भी महायोजना 2031 का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास कराने के लिए ले जाया जा रहा है। माना जा रहा है कि महायोजना 2031 के बोर्ड से पास होने पर शहर का तेजी से विकास हो सकेगा।

क्रासिंग रिपब्लिक इंटीग्रेटेड टाउनशिप में ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच 12 के कुल क्षेत्रफल 27244.08 वर्ग मीटर भूमि में से 802.00 वर्ग मीटर को छोड़ते हुए ग्रुप हाउसिंग भूखंड पर ग्रुप हाउसिंग के स्थान पर भूखंड विकसित करने के लिए तलपट मानचित्र में परिवर्तन का प्रस्ताव, हाइटेक टाउनशिप योजनाओं की प्रगति का प्रस्ताव, गाजियाबाद जोनल डेवलपमेंट प्लान जोन एक यानि राजनगर एक्सटेंशन के आसपास 18, 24, 30, 45 और 60 मीटर चौड़े जोनल सड़क निर्माण का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में ले जाया जा रहा है।

जीडीए वीसी अतुल वत्स ने बताया कि करीब 24 साल पहले मधुबन बापूधाम योजना लांच की गई थी। इस योजना का टोटल स्टेशन सर्वे कराया गया था। योजना में कुछ क्षेत्रों में नियोजन में कमियां पाई गईं। इस योजना के लेआउट में परिवर्तन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। परिवर्तन के प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद यहां नए सिरे से पॉकेटवार नियोजन किया जाएगा।

हरनंदीपुरम आवासीय योजना पहले चरण में पांच गांवों की जमीन लाई जा रही है। इस योजना में जमीन देने वाले काश्तकारों को सर्किल रेट की चार गुना राशि देने का निर्णय किया गया है। इसके बाद किसानों ने विकसित भूखंड देने की मांग की। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह का कहना है कि 10 फीसदी तक विकसित भूखंड देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, इसे बोर्ड बैठक में ले जाया जा रहा है। वहीं, जमीन क्रय करने पर आने वाली लागत करीब 23 सौ करोड़ रुपये के व्यय के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए ले जाया जा रहा है। अनुमोदन के बाद किसानों से जमीन खरीदने का काम शुरू हो जाएगा।

# गर्मी बढ़ते ही आरोग्य मेले में सिर व पेट दर्द के मरीजों की भीड़



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

गाजियाबाद। गर्मी बढ़ने से आरोग्य मेले में सिर व पेट दर्द के मरीजों की संख्या अधिक रही। मेले में इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि दस में से छह मरीज गर्मी के कारण बीमार थे। जिले के 66 नगरीय और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित आरोग्य मेले में सिर दर्द और पेट दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे अधिक रही।

आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि मेले में रक्तचाप, मधुमेह, क्षय रोग (टीबी), डेंगू, मलेरिया और एनीमिया जैसी बीमारियों की जांच की गई। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए गए और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े सत्र भी आयोजित किए गए। डॉ. गुप्ता ने बताया कि भविष्य में और अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक पहुंच सकें।

आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि रविवार को सार्वजनिक अवकाश के दिन स्वास्थ्य सेवाएं मिलने से लोगों को बड़ी राहत मिली। उन्होंने बताया कि लोग परामर्श, जांच और दवाओं की सुविधाओं का भरपूर लाभ उठा रहे हैं। मेले में 17 नवजात बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए और 517 लोगों का आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य खाता (आभा कार्ड) बनाया गया। इसके अलावा 843 मरीजों को एमएमजी अस्पताल, संयुक्त जिला अस्पताल और महिला जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एक्स-रे जैसी जांचों के लिए रेफर किया गया।

**4206 मरीजों ने कराया इलाज**

मेले में कुल 4206 मरीजों ने इलाज कराया। इनमें 3177 मरीज ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे थे। नगरीय केंद्रों पर मरीजों की अपेक्षाकृत कम संख्या रही, जिसके कारण अधिकांश शहरी केंद्रों पर स्टाफ खाली बैठा नजर आया। नोडल अधिकारी ने बताया कि गर्मी से परेशान मरीजों की संख्या सबसे अधिक थी। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर ओआरएस के पैकेट सभी मरीजों को वितरित किए जाने के निर्देश दिए गए थे।

# निगम के गृहकर में तीन गुना तक वृद्धि का विरोध, बताया नियमों का उल्लंघन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

गाजियाबाद। कोरवा-यूपी के शीर्ष पदाधिकारियों की शनिवार देर शाम को एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। जिसमें गनगर निगम की ओर से गृहकर में तीन गुना तक की वृद्धि का विरोध किया गया और इसे नियमों का उल्लंघन बताते हुए वापस लेने की मांग की गई।

इस मौके पर कोरवा-यूपी के मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि हमेशा नगर निगम की ओर से गृह कर में प्रत्येक दो वर्ष के बाद दस प्रतिशत की वृद्धि होती रही है। अब अचानक गृह कर में करीब तीन गुना तक वृद्धि बिलकुल स्वीकार्य नहीं की जाएगी। गाजियाबाद नगर निगम के पास न तो पैसे की कमी है, न ही पैसा कमाने के साधनों की, ऊपर से संपत्तियों के पंजीकरण में गाजियाबाद प्रदेश में अव्वल है। वर्तमान में न तो पीने के पानी की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, न कूड़ा निस्तारण और न ही अतिक्रमण हटाया जा रहा है। निगम हर काम में फेल साबित हो रहा है लेकिन पैसे वसूलने में अव्वल हो रहा है। ऐसे में गृह कर में अनावश्यक वृद्धि असहनीय है।

कोरवा-यूपी के अध्यक्ष डॉ. पवन कौशिक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद नगर निगम में करों की दरें सबसे ज्यादा यानी 4.00 रुपये प्रति वर्ग फुट है, जबकि अन्य शहरों में यह 2.50 रुपये से भी कम है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार पूर्व करों में वृद्धि दोगुने से अधिक नहीं हो सकती।

संस्था के मुख्य सलाहकार ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम की ओर से वर्ष 2023-2024 में संपत्ति करों की वर्तमान दरों में दस प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है, जो वर्ष 2024-2025 (31.03.2025) तक लागू है। इस अवधि में अन्य किसी भी प्रकार की वृद्धि किया जाना नगर निगम अधिनियम के विपरीत है।

# एमएलसी अरुण पाठक ने सीएम को क्षेत्रीय मुद्दों से अवगत भी कराया

**एनपीटी ब्यूरो**

कानपुर, उन्नाव स्नातक खंड क्षेत्र से एमएलसी अरुण पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है इस दौरान एमएलसी अरुण पाठक ने सीएम को क्षेत्रीय मुद्दों से अवगत भी कराया। एमएलसी अरुण पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की गई है हमने क्षेत्र के विकास जैसे कानपुर में आईटी हब, जैसे आदि मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की है मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्य और तेज किए जाएं और जरूरतमंद लोगों तक हर-हाल में सरकार की योजनाएं पहुंचनी चहिए,एमएलसी अरुण पाठक ने बताया कि



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर कानपुर में आईटी हब बनवाए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की है विज्ञान और प्रौद्योगिकी को गति देने के लिए प्रदेश में गोरखपुर, वाराणसी के अलावा कानपुर में भी आईटी हब बनना प्रस्तावित है। शहर में बनने वाले हब में रोबोटिक और ड्रोन के क्षेत्र में काम किया जाएगा। इससे लोगों को रोजगार के साथ नए स्टार्टअप को भी सहूलियत मिलेगी। साथ ही कानपुर में बिना लेआउट के हो रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ भी मुख्यमंत्री से व्यापक चर्चा की है अरुण पाठक ने साफ कहा है कि यदि ले आउट पास नहीं है तो सोसाइटी को अवैध माना जाएगा। शहर से जुड़े बाहरी क्षेत्रों में बिना लेआउट के धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग करके जमीन बेची जा रही है। सस्ते दामों के चलते आवंटी भूखंड खरीद लेते हैं। बाद में लेआउट न पास होने से जमीन के खरीदार नक्शा पास कराने के लिए प्राधिकरण के चक्कर लगाते हैं।तथा जनसुवधा ,बिजली ,पानी ,सड़क आदि के लिए उनको परेशानी उठानी पड़ती है।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।